RNI-MPHIN/2005/14721
Po-Malwa Div/244/2023-25
Desp. 02 June, 2023

अंक – 12 (मासिक) वर्ष – 18 जून, 2023 मूल्य 20/–

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

*अपनों के लिए अपनी पत्रिका*

सेवा त्याग सदाचार



## महेशमय हुए माहेश्वरी

### चहुं ओर गूंजा 'जय महेश'



## कर्म से कीर्ति तक कोमल

## कोमल झंवर

चेयरमेन-बुलढाणा अर्बन चेरिटेबल सोसायटी

श्री माहेश्वरी मेलापक

वैवाहिक डायरेक्ट्री
श्री माहेश्वरी मेलापक 2023
का प्रकाशन प्रारंभ

Visit us @
srimaheshwaritimes.com

बात हम सबकी
सुने हर शनिवार

# Contemporary Range of Home Essentials, Crafted by Experts




RR

**FANS | LIGHTING**
**APPLIANCES | SWITCHES**

Toll Free : 18001032676 | Email : customercare@rrglobal.com | Website: www.rrglobal.com | Follow us

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

अंक-12 जून 2023 वर्ष-18

प्रेरणास्रोत
**स्व. श्री बंशीलाल बाहेती**
**स्व. श्री मदनलाल पलौड़**

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
**श्रीमती सरिता बाहेती**

सम्पादक
**पुष्कर बाहेती**

संरक्षक
**पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)**
**श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)**
**श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)**
**श्री रामकुमार टावरी (दिल्ली)**

अतिथि सम्पादक
**महेश लड्ढा, वड़ोदरा ( गुजरात )**

परामर्शदाता
**दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर**
**घनश्याम करनानी (कोलकाता)**

कला निदेशक
**अक्षय आमेरिया**

विधि सलाहकार
**राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)**

सम्पादकीय सलाहकार
**बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)**
**रामगोपाल मूंदड़ा (सूरत)**
**प्रो. कल्पना गगडानी (मुम्बई)**
**गोविन्द मालू (इन्दौर)**

कार्यालय-
९०, विद्या नगर ( टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे ),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 ( म.प्र. )
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

- श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
- सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन ( म.प्र. ) होगा।

Sri Maheshwari Times
- PNB A/c. No. : 0459002100043471
  IFSC- PUNB0045900
- ICICI A/c. No. : 03005001198
  IFSC- ICIC0000300

Tariff of Membership
Rs. 900/- for Three years
Rs. 3500/- for Life Time (12 Years)





विचार क्रान्ति

## प्रजा के रक्षक भगवान शिव

महाभारत के शांतिपर्व में मृत्यु की उत्पत्ति के सम्बंध में यह कथा है जो शिवजी के साथ ब्रह्मा के भी एक नए रूप का दर्शन कराने वाली है। लोकमान्यता है कि ब्रह्मा सृष्टि सृजन के, विष्णु पालन के और शिव संहार के देवता हैं। मगर इस कथा में सृजनकर्ता ब्रह्मा ही एक बार क्रोधित होकर प्रजा के संहारक बन गए थे। तब शिव ने ही दया कर प्रजा की रक्षा की थी।

कथा कहती है कि पुरातनकाल में एक बात धरती पर प्रजा इतनी बढ़ी कि दूसरे के लिए मानो पैर धरने तक का स्थान न बचा। प्रजा के भार से धरती रसातल में समाने लगी। तब मृत्यु की व्यवस्था न थी, केवल जन्म होता था। पृथ्वी को अत्यंत भारग्रस्त देख ब्रह्माजी को भार उतारने का कोई उपाय न सूझा तो वे क्रोध से भर गए। उनकी क्रोधाग्नि में प्रजा दग्ध होने लगी। प्रजा की पुकार सुन अंततः दयानिधान भगवान शिव द्रवित हो उठे और ब्रह्मा के निकट जाकर उनसे प्रार्थना की।

शिवजी बोले, 'अभावं हि न गच्छेयुरुच्छिन्नप्रजनाः प्रजाः। अधिदैवे नियुक्तोऽस्मि त्वया लोकलोकेश्वर।।' अर्थात् लोकलोकेश्वर! आपने मुझे देवताओं का अधिपति बनाया है, अतः आपसे प्रार्थना करता हूँ कि यदि प्रजा की सन्तति का उच्छेद होगा तो समस्त प्रजा का सर्वथा अभाव हो जाएगा। कृपया इस विनाश को बंद कीजिए।

शिवजी ने विनाश रुकवाया ही नहीं, धरती पर संतुलन का उपाय भी सुझाया। ब्रह्माजी से कहा, 'त्वद्भवं हि जगन्नाथ एतत् स्थावरजङ्गमम्। प्रसाद्य त्वां महादेव याचाम्यावृत्तिजाः प्रजाः।।' अर्थात् हे 'जगन्नाथ! महादेव! यह समस्त चराचर जगत् आपसे ही उत्पन्न हुआ है। अतः आपको प्रसन्न करके यह याचना करता हूँ कि ( ऐसा विधान करें जिससे ) ये सारी प्रजा पुनरावर्तनशील हो, मरकर पुनः जन्म धारण करें।

साधो! तब ब्रह्मा ने अपनी क्रोधाग्नि का संवरण किया। उसी से स्त्री रूप में मृत्यु का जन्म हुआ जो अपना कर्म करते हुए आज तक सृष्टि का संतुलन बना रही है। शिवजी इसीलिए महेश, महादेव, महाकाल और मृत्युंजय हैं क्योंकि उन्हीं के कारण मृत्यु का विधान हुआ है।

■ डॉ. विवेक चौरसिया



सम्पादकीय

# एकता ही सर्वोपरि

समाजोत्पत्ति पर्व महेश नवमी की सभी पाठकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह पर्व माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति का पर्व है यानी इसी दिन भगवान महेश ने समाज को नई जिम्मेदारी और जीवन की नई दिशा दी थी। लोहार्गल तीर्थ इस घटना का साक्षी आज भी है। धार्मिक आख्यानों को जस का तस लेना श्रद्धा और आस्था है तथा उसके माध्यम से दिए गए संदेशों को ग्रहण करना वैज्ञानिकता। यह युग विज्ञान का है, ज्ञान का है और वैचारिकता का है। शारीरिक परिश्रम की जगह बौद्धिक संपदा के माध्यम से श्रीवृद्धि का है। यही कारण है कि शिक्षा और प्रशिक्षण इस युग की सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। स्कूल कॉलेजों की जगह ऐसे संस्थान ज्यादा स्थापित हो रहे हैं जो बच्चों को कॅरियर बनाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं शिक्षा का स्तर चमत्कारिक ऊँचाई पर पहुँच गया है। अब शिखर पर वही पहुंच पाएगा जो अपनी प्रतिभा को परिश्रम से निखारने का माद्दा रखता है। कहते हैं वही व्यक्ति सफल होता है जो वक्त के साथ कदम ताल मिला कर चलता है। हम सभी को इस बात को समझने की जरूरत है। भगवान महेश ने कभी यही संदेश देकर माहेश्वरी समाज का नवनिर्माण किया था। शस्त्र लेकर तराजू थमाए थे, तब परिवर्तन का पहला संदेश आया था। इस परिवर्तन ने बुत बन चुके हमारे पूर्वजों को एक बार फिर समाज में अपनी नई भूमिका के लिए तैयार किया था। उन्होंने भगवान के संदेश को आत्मसात किया और आज हमारा समाज बुलंदियों पर खड़ा है। युग की पहचान और उसके साथ कदम मिलाने का होंसला ही हमें आगे और आगे ले गया है। इस परंपरा को बनाए रखने की जरूरत है। महेश नवमी पर्व का यही संदेश है कि हम वक्त के साथ अपने आप को बदलें और आगे बढ़ें। खासकर युवावर्ग को यह बात समझनी होगी। भविष्य किस दिशा में जा रहा है उसकी नब्ज पहचान कर अपने आप को उसके लिए तैयार करें। तभी हम शिखर की स्पर्धा में सफलता का परचम लहरा पाएंगे।

यह पर्व सही मायने में संकल्प का पर्व है। हमें संकल्प लेना होगा कि किसी भी स्थिति में हमें अपनी सामाजिक एकता को अक्षुण्य रखना है। हमारा समाज एक अल्पसंख्यक छोटा सा समाज है। उसके बावजूद हम एक नहीं रह पा रहे हैं। चाहे सामाजिक चुनावी मुद्दा हो या अन्य कोई हमें गुटों में बंटते देर नहीं लगती। याद रखें वर्तमान दौर प्रजातंत्र का दौर है अर्थात् बहुमत का दौर। ऐसे में यदि अल्प संख्यक होकर भी हम बंट गये तो हमारा तो अस्तित्व ही समाप्त हो जाऐगा। अतः आवश्यकता इस बात की है कि यदि किसी कारण से मतभेद उत्पन्न हुए भी हैं, तो उन्हें मनभेद न बनने दें और पुनः एक होने में समय न लगाऐं। आज समाज की मुख्य धारा से युवा वर्ग दूर होता जा रहा है। इसका भी कारण समाज की यह स्थिति है। वह जब समाज में खींचतान देखता है, तो खिन्न मन से समाज संगठनों से दूर हो जाता है।


अतः आईये इस पावन पर्व पर संकल्प लें सभी मन मुटावों की तिलांजलि देकर अपनी एकता व सौहार्द्र को इस तरह सशक्त करेंगे कि हर समाज हमारे समाज की मिसाल देगा। पुनः महेश नवमी की शुभकामनाऐं देते हुए यह अंक प्रबुद्ध पाठकों को समर्पित है। इसमें कई संग्रहणीय सामग्री को समाहित करने का प्रयास किया गया है। विश्वास है कि यह आपको अवश्य ही पसंद आऐगा। अपनी प्रतिक्रिया बताना भी न भूलें। जय महेश!



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

# अतिथि सम्पादकीय

वड़ोदरा (गुजरात) निवासी समाज सेवी महेश चंद लड्ढा का जन्म ग्राम तबीजी जिला अजमेर में स्वर्गीय श्री मिलाप चंद लड्ढा एवं केली देवी लड्ढ़ा के यहाँ 11 मई 1946 में हुआ था। सन् 1968 में बी.कॉम की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात आपने पेपर एंड बोर्ड मिल में मैनेजर के पद पर कार्य करते हुए मिल की सफलता में बड़ा योगदान दिया। सन् 1970 में आपका विवाह कौशल्या देवी से हुआ जो कि वर्तमान में गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी समाज महिला मंडल की संरक्षण मंत्री के पद पर सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। आपकी पुत्री करुणा माहेश्वरी उत्तर दिल्ली के माहेश्वरी समाज महिला मण्डल की सेक्रेटरी के पद पर अच्छा कार्य कर रही हैं। आपके पुत्र चिराग़ लड्ढ़ा (सूरत) एवं दीपेश लड्ढा (दुबई) पेपर एंड बोर्ड के व्यवसाय से जुड़े हुए है। आप सन् 1994 में वडोदरा शहर में पेपर एंड बोर्ड वितरण का व्यवसाय शुरू करके अपनी क्षमता से उसे नयी ऊँचाई पर ले गये। आपने अपना व्यवसाय वडोदरा, सूरत, अहमदाबाद, दुबई आदि शहरों में फैलाया। वडोदरा शहर में प्रति वर्ष भागवत कथा के आयोजन हेतु आप राजस्थान ज्ञान गंगा परिवार से जुड़ कर सक्रिय रूप से सम्मिलित होते हैं। गौसेवा व जनसेवा सदैव आपके जीवन का प्रमुख उद्देश्य रहा है। आप प्रांतीय स्तर एवं ज़िला स्तर पर माहेश्वरी समाज में निरंतर एवं निःस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान कर रहे हैं। अपनी तमाम व्यस्तता के बावजूद आप समाज की सेवा में तन-मन से समर्पित रहने में पीछे नहीं रहते।



## सभी के विकास से ही समाज का विकास

हमें अपने आपको 'माहेश्वरी' कहने में अत्यंत गर्व महसूस होता है। कारण है कि हम अपने आपको यह कहकर उस समाज का सदस्य बताते हैं, जो आर्थिक परिदृश्य में देश में सर्वोच्च और विश्व में दूसरे स्थान पर प्रतिष्ठित है। देश को सर्वाधिक न्यायाधीश, सीए तथा डॉक्टर देने वाला भी माहेश्वरी समाज है। देश के कोने-कोने एवं लगभग हर तीर्थ व पर्यटन स्थल पर स्थित माहेश्वरी भवन आदि समाज की सेवा भावना की गौरव पताका फहरा रहे हैं। यही कारण है कि माहेश्वरी समाज लक्ष्मीपुत्रों का समाज कहा जाता है। वास्तव में यह हमारे समाज के गौरवशाली संस्कारों का प्रतिफल ही है।

यह तो एक दृश्य है समाज का, दूसरा पहलू यह भी है कि समाज का एक बड़ा वर्ग लगभग 15-20 प्रतिशत समाजजन भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उनकी वार्षिक आय 1 से 2 लाख रुपये से भी कम है। वे न तो अपने परिवारजनों का ठीक से ईलाज करवाने में समर्थ हैं और न ही अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने में समर्थ हैं। समाज में कई ऐसी बेसहारा विधवा बहनें हैं, जो किसी तरह परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिये लोगों के यहां घरेलू कर्मचारी के रूप में भी काम कर रही हैं।

वास्तव में यह दूसर पहलू भी अत्यंत चिंतनीय है। क्योंकि क्या ऐसी स्थिति में हम अपने संपूर्ण समाज को लक्ष्मीपुत्रों का समाज कह सकते हैं? जहां समाज का एक वर्ग भीषण आर्थिक विपन्नता में जीवन यापन कर रहा हो। हम समाज के मात्र एक वर्ग विशेष को ही लक्ष्मीपुत्र कह सकते हैं, संपूर्ण समाज को नहीं। हम समाज सेवा के चाहे कितने ही दावे करें और प्रमाण प्रस्तुत करें लेकिन जब तक हम अपने समाज रूपी इस 'वृहद परिवार' के इस जरूरतमंद वर्ग का ही उत्थान नहीं कर पाएंगे तो फिर हमारी समाजसेवा कैसी? अतः आज जरूरत है अपने सामाजिक चिंतन को सिर्फ दिखावे से दूर हटाकर संपूर्ण समाज पर केंद्रित करने की क्योंकि यदि यह वर्ग समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर नहीं चल पाया तो यह समाज की मुख्यधारा से दूर होता चला जायेगा।

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि न सिर्फ महासभा अपितु महासभा से सम्बद्ध संस्थाओं और प्रदेश जिला संगठनों में भी यह मुद्दा जोर-शोर से उठने लगा है। समाज संगठनों द्वारा इसके लिये योजनाएं भी बनाई गई है। इसके बावजूद यह वर्ग इनका समुचित लाभ नहीं ले पा रहा है। कारण यह है कि ऐसा वर्ग कुछ हद तक समाज की मुख्यधारा से दूर हो गया है अथवा किन्हीं कारण से उन तक समाज की योजनाएं नहीं पहुंच पा रही हैं। वर्तमान में जो योजनाएं हैं, उनका लाभ लेने के लिये आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने में भी कई लोग समर्थ नहीं हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि उनके आने का इंतजार करने की जगह हम खुद उन तक पहुंचें और बिना उनके स्वाभिमान को चोंट पहुंचाये इन योजनाओं का लाभ दिलाएं।

महेश नवमी के इस पावन अवसर पर मैं अपनी ओर से समस्त स्वजनों को समाज के उत्पत्ति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं, सभी के मंगल व सर्वांगीण विकास की भगवान महेश से कामना करता हूं। साथ ही सभी से यह अपील भी करता हूं कि अपनो की मदद के लिये हाथ आगे बढ़ाने में कभी पीछे न रहें। याद रखें जब सभी के हाथ मिलते हैं तभी सामूहिक शक्ति बनती है।

**महेश लड्ढा,** वड़ोदरा (गुजरात)
अतिथि सम्पादक



# श्री चामुंडा माताजी

■ टीम SMT

**श्री चामुंडा माहेश्वरी समाज की कलंत्री, कालाणी, गट्टानी, टावरी, पलोड़, भंसाली, मोदाणी और लाहोटी खांप की कुलदेवी हैं। इसके अलावा आसपास के सभी जाति समुदाय के निवासियों के लिए भी यह आस्था का बड़ा केंद्र है। मान्यता है माताजी के दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूर्ण होती है।**

राजस्थान में जोधपुर से ९० किमी दूर स्थित शहर सोजत में बस्ती के बाहर एक पहाड़ी पर गुफा के अंदर श्री चामुंडा माता का मंदिर स्थित है।

## औरंगजेब हो गया था अंधा

चामुंडा माता के साथ उनकी दो बहनें साचल माता व वाकल माता व दोनों ओर कालभैरव तथा गोरा भैरव विद्यमान हैं। मंदिर अति प्राचीन है। इसके बारे में कई लोककथाएँ प्रचलित हैं। उनमें से ही एक के अनुसार मुगल बादशाह औरंगजगेब ने इस मंदिर पर हमला किया था। अपने इस अपराध के कारण वह अंधा हो गया। जब लोगों की सलाह के अनुसार उसने माताजी को छत्र चढ़ाया तो पुनः वह ठीक हो गया। वर्तमान में भी इस मंदिर के चमत्कारिक प्रभाव के कारण स्थानीय के साथ ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की श्रद्धा का भी केंद्र बना हुआ है। वर्तमान में इस मंदिर की व्यवस्था व देख-रेख सनातन धर्म ट्रस्ट द्वारा की जाती है। वर्तमान में मंदिर पुजारी राजेंद्रकुमार शर्मा हैं।

## कैसे पहुँचें

सोजत सड़क मार्ग जोधपुर से ९० किमी और यदि पाली होकर जाएँ तो 125 किमी दूर है। पाली से सोजत 45 किमी दूर है। जोधपुर अथवा पाली से बस द्वारा सोजत सिटी पहुँचा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए श्री सूरज कालानी, जोधपुर मोबाईल 93144-40640, 941440640 से संपर्क किया जा सकता है।

*With Best Compliments From*

**BASK** ENTERTAINMENT CO. PVT. LTD

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COMPANY


A COMPLETE SOLUTION FOR
**PERFECT DESTINATION**
**WEDDINGS**
& CORPORATE EVENTS...!!

www.baskentertainment.com

An Emotional Experience Since 1996



- Event Management
- Destination Wedding Planner
- Corporate Conference
- Artists & Celebrity Management
- Entertainment



♦ **Sureshh Jajoo** • # 09982221213 ♦ **Dr. Kanchan Jajoo** • # 09314732157

Services Available at All Over India & Abroad >>>> baskentertainmentco baskentertainment

## BASK EVENTS & ENTERTAINMENT CO.

2nd Floor, Above Zaara Fashion, Opp. Gold Plaza, 2nd 'B' Road, Sardarpura, JODHPUR (Raj.)
INDIA. • Ph. +91 291 263 1213, +91 931 472 1213 • baskentertainment@gmail.com

CreativePoint # 8955677772

*With Best Compliments From*

# Your Preferred Packaging Solution Provider




A wide range of

## Corrugated Cartons
## &
## Die punching items

For all of your needs




## Sanx Corropackaging Private Limited

Address : 14-6-407/a, First floor, Begum Bazar,
Hyderabad, Telangana, Bharat - 500012
Contact : 9666675008, 9666674008
Email : sales@sanxcorropackaging.com

**With Best compliments from Vijayshri Agro Chemicals Private Limited, Hyderabad**



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश

दिनांक:- 25-05-2023
पत्र क्रमांक - 200/23

**संदेश**

हर्ष का विषय है कि माहेश्वरी समाज प्रतिवर्षानुसार, इस वर्ष भी समाज का उत्पत्ति पर्व ''महेश नवमी'' पूरे उत्साह के साथ मना रहा है।

माहेश्वरी समाज को इस पावन पर्व की बहुत-बहुत बधाई। माहेश्वरी समाज ने सदैव देश की आर्थिक प्रगति के साथ ही समाज सेवा की गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ''सबका साथ सबका विकास'' को साकार करने के लिए सभी समाज की भागीदारी आवश्यक है। मुझे आशा है ,माहेश्वरी समाज प्रदेश के विकास में भी निरंतर सहयोग देता रहेगा।

महेश नवमी के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

(शिवराज सिंह चौहान)

## कर्त्तव्यों के प्रति हों जागरुक



महेश नवमी को दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति जनजागरण का पर्व बनाने का अवसर आ गया है। यह सामाजिक चेतना और जागरण का पर्व है यह पर्व सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का पर्व है। अर्थ स्पष्ट है कि अब तो साथ चलना है-साथ-साथ बढ़ना है। हमें हमारे साधन सम्पन्न और साधनविहीन भाई-बहनों के बीच की हर कृत्रिम दूरी को पुल बनकर पाटना होगा। एकता किताबी आदर्श नहीं, जीवन पद्धति है। साथ देना और साथ निभाना दीवारों पर लिखा सुभाषित नहीं, ईश्वरीय आदेश है। महेश नवमी को दिखावे का नहीं, सार्थकता का पर्व बनाएँ। आप भी विश्वास करने लगेंगे कि खुशियाँ बांटने से बढ़ती हैं। पुनः सभी का वंदन, अभिनंदन, नमन!

**पद्मश्री बंशीलाल राठी**
पूर्व सभापति
अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## समाज बचेगा तभी उत्पत्ति दिवस मनेगा



समाज के उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की सभी स्वजनों को बहुत-बहुत शुभकामनाऐं और सभी के सुखी, आनंदपूर्ण तथा मंगलमय जीवन की भगवान महेश से कामना!

यह पर्व आज के परिप्रेक्ष्य में चिंतन का अवसर है। हमें चिंतन करना होगा कि यदि माहेश्वरी समाज ही नहीं बचेगा तो हम उत्पत्ति पर्व मनाऐंगे तो किसका? कारण है कि समाज अपनी संस्कृति और संख्या से बनता है और वर्तमान में दोनों ही खतरे में हैं। पश्चिमी वेशभूषा व संस्कृति अत्यंत तेजी से हमारी माहेश्वरी संस्कृति को निगल रही है। वहीं संख्या की बात करें तो हम पहले ही अल्पसंख्यक थे और अब तेजी से विलुप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी जनसंख्या हम दो हमारे एक तथा अधिक उम्र में विवाह की सोच के कारण लगातार कम होती जा रही है। यदि सही उम्र में विवाह तथा 2 या 3 बच्चे की सोच को नहीं अपनाया तो स्थिति अत्यंत भयावह हो जायेगी। रही सही कसर अन्तर्जातीय विवाह भी पूरी करने में कसर नहीं रख रहे हैं। बड़ी संख्या में हमारी बेटियाँ अन्य समाज में जा रही हैं। यह भी जनसंख्या कम होने का एक अहम कारण है।

अतः आईये इस पावन अवसर पर समाज के अस्तित्व की रक्षा को लेकर भी चिंतन के लिये कुछ समय अवश्य निकालें। पुनः सभी को महेश नवमी पर्व की बधाई।

**रामकुमार भूतड़ा**
अध्यक्ष-अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राजस्थान प्रदेश भाजपा

## समाज का हो सर्वांगीण विकास



समस्त समाज बंधुओं को महेश नवमी की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कुशलता की मंगलकामना करता हूँ।

मै मंगलकामना करता हूँ कि हमारे युवा साथी और बच्चे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान शिक्षा ग्रहण करें और अपना उज्ज्वल भविष्य बनावें, साथ ही बदलते हुए समय में और बढ़ते हुए प्रतिस्पर्धात्मक युग में व्यापार और व्यवसाय में निरंतर प्रगति करें। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता, घटती जनसंख्या, बढ़ते पारिवारिक विघटन, विवाह संबंधित समस्याओं का सामाजिक संगठनों के माध्यम से हम समाधान कर पाएंगे। भगवान महेश से यही कामना करता हूँ कि सभी समाजजन समृद्धशाली बनें, प्रगति करें, समाज उत्तरोत्तर उन्नति करें और राष्ट्रहित में समाज का योगदान बढ़े और राष्ट्रीय स्तर पर समाज की पहचान और अधिक बढ़े। यही शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**आनंद राठी**
चेयरमेन
आनंद राठी ग्रुप, मुंबई

## युवा पीढ़ी को मुख्यधारा में लाएं



महेश नवमी पर्व की सर्वप्रथम मैं सभी समाजजनों को शुभकामनाएँ देता हूँ। इसके साथ ही यह अनुरोध भी करता हूँ कि युवा पीढ़ी को भी समाज की मुख्यधारा में रखने का प्रयास करें। आज की युवा पीढ़ी ही कल की समाज की सूत्रधार होगी। लेकिन यह देखा जा रहा है कि युवा वर्ग समाज संगठनों से दूर हो रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है, यह जानकर उन्हें समाज का महत्व समझाना होगा। याद रखें समाज से ही सभी की पहचान है। यदि हम उन्हें यह नहीं समझाऐंगे तो भविष्य में एक ऐसी चुनौती बनेगी जो अस्तीत्व के लिए हानिकारक हो सकती है। मैं युवाओं से भी अनुरोध करता हूँ कि वे अपनी गौरवशाली पहचान को जानें और उस पर गर्व करें।

**जोधराज लड्ढा**
पूर्व सभापति
अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

## जरूरतमंदों की मदद करें



ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को, माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस के रुप में 'महेश नवमी' के नाम से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। महेश नवमी के पावन पर्व पर आपको एवं आपके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएं! आपका जीवन मंगलमय हो। भगवान महेशजी एवं माँ आदिशक्ति आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घ आयु तथा सुख-समृद्धि प्रदान करें यही उनसे प्रार्थना। इस पावन पर्व पर किसी जरूरतमंद की जरूरत को पूरा करने की कोशिश कीजिए। उस जरूरतमंद की दुआ तो मिलेगी ही, उससे बढ़कर आपको अपार ख़ुशी भी प्राप्त होगी।

जय महेश !!

**त्रिभुवन काबरा**
उपसभापति (मध्यांचल)
अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

## जहां हैं वहीं से करें मानवता की सेवा



समाज के उत्पत्ति पर्व की समस्त समाजजनों को शुभकामनाएं देते हुए समाज के सर्वांगीण विकास की भगवान महेश से कामना करता हूँ। इस पावन अवसर पर मैं सभी समाजजनों से समाज की एकता के साथ संस्कारों की रक्षा के लिये संकल्पित होने की अपील करता हूँ। याद रखें मानवता की सेवा हमारे संस्कारों में है और ये भगवान महेश द्वारा प्रदत्त ही हमारा विशिष्ट गुण है। अतः आप चाहे व्यवसाय में हों, नौकरी या राजनीति जिस क्षेत्र में भी हों अपने इन संस्कारों से सुसज्जित रहें। अपने कर्त्तव्यों का समूचित व निष्पक्षता के साथ निर्वहन ही सच्ची मानवता की सेवा है। समाज के सबसे निचले वर्ग को भी साथ लेकर चलें। यदि हम ऐसा करने में सफल होते हैं, तभी हमारा पर्व मनाना आनंदमय और उद्देश्यपरक होगा। मानवता की सेवा हमारे पूर्वजों के खून और संस्कारों में थी। समाज राजनीतिक क्षेत्र में भी जो योगदान देता रहा है, उसको और बढ़ाएं और समय को देखते हुए सेवा के कार्य करने के अवसर प्राप्त करें ताकि राष्ट्रसेवा में भी हमारा योगदान बना रहे।

**श्याम जाजू**
निवर्त्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा

## जीवन लक्ष्य को पूर्ण करें



माहेश्वरी वंशोत्तपति दिवस महेश नवमी पर समाज का जन्म, निर्माण अपने आप में एक सुखद अहसास है। जन्म की उपादेयता लक्ष्य को सार्थक कर पूरी होती है। हम माहेश्वरी इस पैमाने में सफल सिद्ध हुए हैं। उन्नति एक अनवरत प्रयास है। निश्चित मुकाम पर पहुंचने से भी अधिक कठिन है, उस मुकाम पर सदैव बने रहना या और आगे बढ़ना। सांस्कृतिक संक्रमण और वैश्वीकरण के इस जटिल सामाजिक, पारिवारिक एंव आर्थिक समन्वयकाल में अपने प्रभुत्व को सुरक्षित एवं विकसित करने हेतु इस पावन सामाजिक पर्व के अवसर पर हम मिलकर चिंतन-मनन करें।

महेश नवमी के सुअवसर पर सुनहरे भविष्य की सहस्त्र शुभकामनाएँ!

**अशोक सोमानी**
उपसभापति, (उत्तरांचल)
अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

## समस्याओं पर करें चिंतन



महेश नवमी के ऐतिहासिक पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ! भगवान महेश एवं माँ पार्वती से प्रार्थना है कि वे सभी समाजजनों को सुसंस्कार प्रदान करते हुए आरोग्यवान एवं ऐश्वर्यशाली बनाये रखें।

विगत वर्षों में शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से समाज ने आशानुरूप प्रगति की है, किन्तु आज भी समाज के लगभग 17-18 प्रतिशत परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रूपये से कम है। गाँवों के मेधावी बालक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से वंचित है और इसी के कारण ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार एवं वैवाहिक समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। जनगणना जहाँ सभी जातियों में जनसंख्या वृद्धि बता रही है, वही माहेश्वरी समाज की आबादी 10 वर्ष पूर्व 10 लाख से अधिक बताई जाती थी, आज घट कर 6-7 लाख (अनुमानो के आधार पर) हो गई है । इसी प्रकार बालिकाओं की संख्या बालकों के मुकाबले 15 प्रतिशत संख्या कम होना परिवार और समाज के लिए चिन्ताजनक है। परिवारों का विघटन, सम्बन्ध विच्छेद, तलाक, अन्य जातियों मे हो रहे विवाह आदि ऐसी समस्याएँ है जिनका निदान रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यमों से विचारो में परिवर्तन लाते हुए सुदृढ और एकता पूर्ण समाज के मन से लिये गए सर्वसम्मत निर्णयों से होगा ।

**रामअवतार जाजू**
पूर्व अध्यक्ष-माहेश्वरी बोर्ड अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## संस्कार ही समस्याओं के समाधान



सभी समाजजनों को महेश नवमी महापर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ!

मैं इस मंगल अवसर पर सभी से अपील करता हूँ कि समाज के संस्कारों की रक्षा की शपथ लें। हमारे संस्कार ही हमारी पहचान हैं और हमारी सफलता का राज भी। इसी में हमारी हर समस्या का समाधान भी छिपा है। अतः मैं तो यही कहना चाहूँगा कि समस्याओं के अलग-अलग समाधान तलाशने के बजाए मात्र संस्कार बचा लें तो समस्याएँ स्वतः दूर हो जाएंगी।

**श्याम सुन्दर राठी**
आणंद
कार्यसमिति सदस्य
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

## समाजहित के लिये संकल्पित हों



महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बंधुओं की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

यह पर्व हमारे लिए गौरव दिवस है, इस दिन साक्षात् देवाधिदेव महादेवजी के आशीर्वाद से हमारा प्रादुर्भाव हुआ। मेरे ख्याल से हमारे सम्पूर्ण समाजबंधुओं द्वारा इस दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। महेश नवमी के पावन पर्व पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी माहेश्वरी बंधु समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करें, ग्रामीण क्षेत्र में बसे हमारे स्वजातीय बंधुओं की समस्याओं को समझकर उन्हें समाज की अग्रिम पंक्ति में लाने का संकल्प लेवें। इसके लिए समाज में फैली ज्वलंत समस्याओं को दूर कर समाज हित के महत्वपूर्ण कार्यों को संकल्पित होकर पूर्ण करना चाहिए। पुनः महेश नवमी पर्व की बधाई एवं भगवान महेश से प्रार्थना करता हूँ कि सभी समाजबंधुओं को स्वस्थ, खुशहाल, समृद्ध एवं प्रगतिशील बनाये रखें

**कमल किशोर चांडक**
पूर्व संयुक्त मंत्री, अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## महेश नवमी पर्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं।



महेश नवमी के पावन अवसर पर हमें चिंतन एवं मनन करना है। अनेक गंभीर समस्याएं समाज में हैं, जिनका समाधान निकालना है। प्रजातंत्र में संख्या बल का सबसे ज्यादा महत्व है, जिससे समाज में नेतृत्व क्षमता के बावजूद राजनीति में स्थान बनाये रखना चुनौती बन गया है। हम सब मिलकर प्रयास करें कि देश की राजनीति में भी माहेश्वरी समाज को उचित स्थान प्राप्त हो। नीति निर्धारण करने वाली संस्थाओं में माहेश्वरीजन अधिक स्थान बना सकते हैं। माहेश्वरी समाज के प्रतिभाशाली युवक व युवतियों का कोई मुकाबला नहीं है। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महासभा एवं अनेक संगठन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं। आइये संकल्प लें इसे अपनी एकता से साकार करेंगे।

**रामगोपाल मूंदड़ा**
पूर्व उपसभापति -अ.भा.माहेश्वरी महासभा

## एक दिन करें समाज को समर्पित



महेश नवमी के पावनपर्व पर समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी की कुशलता की मंगलकामना करता हूँ।

आइए हम सभी समाजबंधु मिलकर इस महेश नवमी को एक महोत्सव के रूप में मनाते हुए ''एक दिन समाज को समर्पित'' भावना से कार्य करते हुए भव्य शोभायात्रा के साथ श्री महेश भगवान की रुद्राभिषेक द्वारा पूजा आराधना करके समाज के कल्याण की कामना करें। राष्ट्र हित में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर लगाने चाहिए, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का परिचय देते हुए हजारों की संख्या में पौधारोपण का कार्य करना चाहिए। आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि समाज में घटती जनसंख्या, बढ़ते पारिवारिक विघटन, विवाह संबंधित समस्याओं का सामाजिक संगठनों के माध्यम से हम समाधान कर पाऐंगे। साथ ही संकल्प लें कि जरूरतमंद समाज बंधुओं का सहयोग करें एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेंगे। युवा संगठन सदैव ही युवाओं और समाज बंधुओं को व्यापार-व्यवसाय और रोजगार के नये अवसर प्रदान करने हेतु तत्पर रहेगा।

**राजकुमार काल्या**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन

## एकता और प्रेम की ज्योति जलाएें



माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस की हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं-अभिनंदन!

देवाधिदेव महादेव एवं शक्ति स्वरूपा मां पार्वती की महती कृपा से ही माहेश्वरी समाज की जात्योत्पत्ति मानी गई है। हमारी जाति अस्मिता से जुड़े इस पर्व का उल्लास आप सभी के जीवन में खुशियां ही खुशियां बिखेरे और परिवार तथा इष्ट मित्रों सहित आप सदैव सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि व उन्नति से परिपूर्ण रहें। भगवान शिव हमारे आद्य आराध्य हैं और सत्यम शिवम सुंदरम के प्रतीक ही नहीं वरन प्रदाता भी हैं। उनका महारूप मानो जीवन की सत्यता से परिचित कराते हुए आनंद का बोध कराता है। मानव मात्र के कल्याण के लिए विषपान कर उनका नीलकंठ स्वरूप दूसरों की भलाई व सेवा का मार्ग प्रशस्त करता है। ''पर उपकार वचन मन काया'' की भावना को चरितार्थ करता है। आओ हम सब मिलकर मनसा वाचा कर्मणा से सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का संकल्प लें। ''स्व'' नहीं ''पर'' के प्रति आबद्ध रहें। सेवा, त्याग, सदाचार, सद्भाव, सहयोग की भावना से परिष्कृत हों समाज उत्थान के प्रति समर्पित रहे।

**मंजु बांगड़**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

## संकल्प पर्व के रूप में मनाएं महेश नवमी



समस्त समाजजनों को समाज के उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ। भगवान महेश से कामना करते हैं कि वे सभी का जीवन आनंद एवं सुख से परिपूर्ण करें। यह पर्व जिस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, उसी उल्लास के साथ इस पर्व के आदर्शों को भी आत्मसात करना होगा। आत्म चिंतन करें कि हम कहीं अपने सामाजिक आदर्शों से दूर तो नहीं जा रहे हैं। हम अपने इन आदर्शों को संकल्प के रूप में स्वयं तो स्वीकार करें हीं साथ ही अपने परिवार एवं भावी पीढ़ी को भी प्रेरित करें।

**मंदाकनी काबरा**
पूर्व प्रदेश अध्यक्षा
मुंबई प्रदेश महिला संगठन

**माणक काबरा**
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
मुंबई प्रदेश माहेश्वरी सभा

## संस्कारों से करें जीवन सार्थक



महेश नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामना!

सहकार्य, समन्वय, सद्भाव, सदाचार एवं सद्विचार ये 5 संस्कार हैं, जो किसी भी जीवन को सार्थक करते हैं। इस पावन पर्व पर भगवान महेश से करबद्ध प्रार्थना है कि हमारे समाज में ये संस्कार फलीभूत हों तथा हम एक मजबूत समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में सहायक बनें। समाज के समस्त परिवारों में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण हमेशा बना रहे, ऐसी मंगलकामनाओं के साथ।

**ममता मोदानी**
संगठन मंत्री
अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन

## सेवा, त्याग, सदाचार से परिपूर्ण रहे महेश नवमी



आगामी ज्येष्ठ शुक्ल नवमी हमारे माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस है। जिस समाज को महादेव और महादेवी ने स्थापित किया, निश्चय ही उच्चता से हमें भरपूर ही किया होगा। वर्तमान में विश्व पटल पर हमने जो छवि बनाई है, वह प्रमाणित करती है कि सदाशिव ने हृदय से आशीर्वाद दिया है। किंतु हमारी सेवा और हमारा त्याग हमेशा सदाचार से परिपूर्ण रहे, यह नित्य स्तुति की तरह हमें याद रखना होगा। आइए, समाजोत्थान की राह में हम सब मिलकर कदम ताल करें।

**कमल गांधी**
संरक्षक
'समन्वय' कोलकाता

## हमारे आदर्श ही हैं हमारी शक्ति



महेश नवमी पर्व की सभी स्वजनों को शुभकामनाएँ देते हुए मैं इस महापर्व पर अपने आदर्शों का पुनः स्मरण करने की अपील भी करता हूँ। माहेश्वरी समाज वास्तव में अत्यधिक सुसंस्कृत समाज है, जिसके अपने आदर्श हैं। सेवा, सदाचार, संस्कार, धार्मिक आस्था व सात्विक आहार ये ऐसे आदर्श हैं, जिन्होंने हमेशा सर्वांगीण रूप से पौषित किया है। यही वह शक्ति है, जिसके कारण हमने शिखर की यात्रा तय की है। वर्तमान में यह चिन्तन करें कि हम अपने इन आदर्शों से भटक तो नहीं रहे हैं। याद रखें वर्तमान की प्रतिस्पर्धा में भी यही आदर्श हमें शिखर पर स्थापित रख सकते हैं।

**बाबूलाल जाजू**
ख्यात पर्यावरणविद
भीलवाड़ा

## चिंतन-मनन का पर्व



महेश नवमी पर्व की मैं समस्त स्वजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह पर्व पूर्ण शालीनता और गरिमा से सम्पन्न हो ऐसी भगवान महेश से कामना करता हूँ। यह पर्व न सिर्फ एक त्यौहार मात्र है अपितु हमारे आत्मनिरीक्षण व परीक्षण का अवसर भी है। हमें चिंतन-मनन कर अपने मन से अहंकार रूपी कचरे को बाहर निकाल फेंकना चाहिए। स्वयं को परिष्कृत करना होगा। हम देख रहे हैं, समाज के हजारों संगठन एवं कार्यकर्ता समर्पित भाव से विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इसके बावजूद भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। अतः हमें समाज के सर्वांगीण विकास के लिए धड़ेबाजी से मुक्त होकर अनुभवी व अच्छे समाजसेवियों को आगे लाना होगा, तभी संगठन का अर्थ आमजनता तक पहुंच सकेगा।

**रामकुमार टावरी**
पूर्व संयुक्त मंत्री
अ.भा माहेश्वरी महासभा

## हमारा महापर्व है महेश नवमी



समाज के उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की सभी स्वजनों को बहुत-बहुत बधाई।

सही मायने में यह पावन और पवित्र महेश नवमी त्यौहार हमारे लिए दीपावली, होली, विजयादशमी, रामनवमी, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, महाशिवरात्रि से कमतर नहीं है। इसलिए महेश नवमी त्योहार को अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सामूहिक भवनों में भव्य तरीके से मनाना चाहिए। इस दिन ही हम माहेश्वरी कहलाए। यह त्यौहार हमें पूर्ण जोश से हमेशा मनाना है, बल्कि जेष्ठ शुक्ल प्रतिपदा यानि नौ दिवस पूर्व से ही तैयारी शुरु कर देनी चाहिए। विश्व विख्यात प्रबुद्ध जाति-वर्ण के माहेश्वरी हैं हम। फिर पर्व को महापर्व के रूप में क्यों न मनाएं। आइए, आज दृढ़ संकल्प लें कि प्रतिवर्ष इस त्यौहार को धूमधाम से मनाएंगे और आने वाली पीढ़ी को संकल्पित करके जाएंगे।

**जुगलकिशोर सोमाणी**
प्रदेशाध्यक्ष
पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

## जन-जन तक पहुँचाऐं योजनाऐं



समाजोत्पत्ति पर्व महेश नवमी की सभी स्वजनों को शुभकामनाऐं।

यह पावन पर्व वास्तव में हमारी एकजूटता का पर्व है। इसके लिये इस पर्व पर एकता का संकल्प लेना होगा। इसके लिए जरूरी है कि समाज हित की योजनाऐं आम जरूरतमंद समाजजन तक पहुँचें। इसमें संगठनों को तो अपने प्रयास करने ही हैं, साथ ही आमजन भी इसे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी मानकर पूर्ण करें। याद रखें हमें उन समाजजनों के संकोच को दूर करना है जो किन्हीं कारणवश समाज की मुख्यधारा से दूर चले गये हैं।

**डॉ. एस.एन. चांडक**
नई दिल्ली

## संगठन की शक्ति को बनाऐं मजबूत



समाज के उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की समस्त समाजजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए मैं सभी से समाज के गौरव व सम्मान की रक्षा के लिये एकजुट होने का अनुरोध करता हूँ। गत कुछ वर्षों में समाज के गणमान्यजनों पर हमले हुए हैं साथ ही समाज की प्रतिष्ठा पर भी अंगुली उठाई जा रही है। ऐसी स्थिति का कारण हमारी एकता की कमी ही है। जब कोई भी समाज एकजुट होता है तभी वह महाशक्ति बनता है। अतः आइऐ हम सब मिलकर पावन पर्व पर यह शपथ लें कि हर हाल में हम एक रहेंगे और एक-दूसरे के सुख-दुःख के सहभागी बनें।

**नेमीचंद तोषणीवाल**
पूर्व अध्यक्ष,
वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

## सभी का हो मंगल



मैं समाजोत्पत्ति दिवस की इस पावन बेला में सभी के मंगल की भगवान महेश से कामना करता हुआ, सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाऐं देता हूँ। इस पावन पर्व पर यह चिंतन करें कि हम भगवान महेश के आशीर्वाद से उत्पन्न हैं। अतः अपने सामाजिक आदर्शों का सदैव परिपालन करते रहेंगे। याद रखें हमारे आदर्श ही हमारी पहचान हैं और हमारी शक्ति। इन आदर्शों के बिना हमारा व्यक्तिगत रूप से कोई अस्तित्व ही नहीं रहेगा।

**राजेन्द्र ईनानी**
कार्यकारी मंडल सदस्य
अ.भा. माहेश्वरी महासभा
पूर्व अध्यक्ष-पश्चिमी म.प्र. माहेश्वरी सभा

## राजनीति का चेहरा उज्जवल करें



सभी को महेश नवमी की बहुत-बहुत बधाई देते हुए समाज के सर्वांगीण विकास की भगवान महेश से कामना करता हूँ। इस पावन अवसर पर मैं समाजजनों से अपील करता हूँ कि वे देश की राजनीति में भी अपनी सक्रियता बढ़ाएँ। आज राजनीति अपना स्वरूप बदल रही है और इसमें तभी सफलता मिलेगी, जब इसमें सेवा भावी लोग आएंगे। माहेश्वरी समाज तो हमेशा से ही सेवाभावी रहा है और यदि उसकी सक्रियता देश की राजनीति में बढ़ेगी तो परिवर्तन तो निश्चित ही होगा। यह परिवर्तन देश की राजनीति और देश की व्यवस्था से भ्रष्टाचार को बाहर करने के रूप में करना है। बस इसके लिए जरूरत सभी के सहयोग व समर्थन की है। यदि समान विचारधारा अर्थात माहेश्वरी समाज का इस बदलते दौर में राजनीति को समर्थन मिलता है तो निश्चित तौर पर एक नए युग की शुरुआत होगी। इसमें राजनीति का चेहरा ही उज्ज्वल होगा।

**घनश्याम करनानी**
पूर्व प्रबंध न्यासी
कोठारी शौर्य बंधु ट्रस्ट

ORANGE

# PRINT • PRESERVE • PREDOMINANT

## WITH DIGITAL TEXTILE PRINTING




## WHY CHOOSE DIGITAL TEXTILE PRINTER ?

Quicker sampling

Less time to market

Low volume production

Reduced cost

Environment friendly

**#SwitchToDigitalTextilePrinter**

+91 74900 43336 sales@orangeotec.com orangeotec.com

**Suresh Rathi**
Wealth Creator thru Systematic Investment
BROKING SINCE 1981

**OPEN FREE**
**DEMAT & TRADING ACCOUNT**

## MOBILE TRADING

**Track & Trade**
**Stocks on Mobile**

Available on
Google play
Available on the App Store



mSauda
Download 'Suresh Rathi mSauda'

- Live Holding Valuation
- Online Fund Transfer
- Market News & Info
- Apply IPO Online
- Corporate Action
- Back-Office Reports

## SLBM

**STOCK LENDING AND BORROWING**

**EARN EXTRA INCOME**
**by Lending your Idle Demat Stocks**

For details visit : https://www.nseindia.com/market-data/securities-lending-and-borrowing

## ONLINE IPOs

FREE

**APPLY IPOs PAPERLESS**

**USE UPI - NO NET BANKING REQUIRED**

BHIM UPI / GooglePay / Paytm / YBL / Phone-Pe / and many other bank Interface

## TELEGRAM APP

FREE

Download & Join our Channels

**SRSPL Market Updates**
- Get Daily Market Updates

**SRSPL Portfolio Update**
- Get Realtime 5% up/down alerts of your Holdings
- Weekly Holding Statement & Financial Statement

**SRSPL Trade Confirmation**
- Instant Sauda Confirmation
- Information of Ledger Debit / Credit
- Net Position of Derivative Segment
- Corporate Action

Since 1981
**Suresh Rathi**
Wealth Creator thru Systematic Investment

1800 120 2484
info@sureshrathi.in
www.sureshrathi.com

FOR FRANCHISE ENQUIRY, CALL # 98287 54000, 80940 54000

SURESH RATHI SECURITIES PVT. LTD.

BROKING SEBI REG NO.
INZ000165734 (MEMBER CODE: BSE -727 | NSE 09763 | MSEI 12340)
DP SERVICES SEBI REG NO CDSL: IN-DP-CDSL-22-99 | AMFI REG NO.20569

Disclaimer: Investment in securities market are subject to market risks, read all the related documents carefully before investing.
Mutual Fund Investments are subject to market risks, please read the offer document carefully prior to investing

# माहेश्वरी समाज वडोदरा ने मनाई स्वर्ण जयंती



**वडोदरा।** स्थानीय माहेश्वरी समाज संगठन का स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह विगत दिनों मनाया गया। उक्त अवसर पर अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के उप सभापति त्रिभुवन प्रसाद काबरा प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसमें समाज के कलाकारों द्वारा अभूत पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्यामसुंदर सोनी, उप सभापति त्रिभुवन प्रसाद काबरा, कार्य समिति सदस्य श्याम राठी, सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता रमेश परतानी हैदराबाद तथा माहेश्वरी समाज संगठन के अध्यक्ष विनोद भूतड़ा ने किया।



## बापूजी ने करवाई संगठन की शुरुआत

इस अवसर पर अपने संस्मरण को साझा करते हुए अपने उद्बोधन में श्री काबरा ने कहा कि 70 के दशक में बापूजी श्री रामेश्वरलाल काबरा मुंबई में रहते थे लेकिन व्यापार के काम से वडोदरा आते जाते रहते थे। 1973 में उन्होंने महेश विद्युत उद्योग के कार्यालय जो एन. के. झवेरी एस्टेट में स्थित था, पर वड़ोदरा के माहेश्वरी समाज के कुछ महानुभावो को एकत्रित कर माहेश्वरी समाज संगठन को प्रारंभ करने के लिए वार्तालाप कर संगठन की स्थापना करवाई। उस बैठक में बापूजी के साथ सरस्वतीदेवी पण्डित, जानकीलाल इनानी, मोतीलाल नवाल, कन्हैयालाल काबरा, रामजीवन साबू, मदनलाल मंडोरा, बंसीलाल देवपुरा एवं भगवानदास साबू आदि उपस्थित थे। इसमें श्रीमती सरस्वती देवी पण्डित को संगठन की संस्थापक अध्यक्षा, हसमुखलालजी पसारी को उपाध्यक्ष एवं मुरलीमनोहरजी काबरा को मंत्री के रूप में सर्वसम्मति से चयनित किया गया। इस तरह 1973 में माहेश्वरी समाज संगठन, बड़ौदा की नीव रखी गई। मेरे लिए गर्व की बात है कि, मैं भी इस संगठन का हिस्सा रह चुका हूँ। सन् 1986 के सत्र में मंत्री और तत्पश्चात 1991 के सत्र में अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण कर समाज की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ था। आगे चलकर 2013 के सत्र में गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा से दक्षिण गुजरात के लिए संयुक्त मंत्री और उसके पश्चात 2016 के सत्र में गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण किया जो अविरत जारी रहा। वर्तमान में मैं अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा में मध्यांचल से उपसभापति के साथ-साथ महेश सेवा ट्रस्ट के संरक्षक के रूप में भी समाज कार्य कर रहा हूँ। माहेश्वरी समाज ने पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उन्नति की है।


SHRI BASANTILAL RATHI CHARITABLE TRUST

MRS. INDIRA RAMNIWAS RATHI
TRUSTEE
M: 7434814478

FIRMS: ■ M/S INDIRA TRADING CO. ■ M/S R B RATHI & CO., ADVOCATES & TAX CONSULTANTS ■ M/S VINAY NAVEEN & CO., CHARTERED ACCOUNTANTS ■ M/S HARSH RATHI & CO.,CHARTERED ACCOUNTANTS ■ M/S H R CONSULTANTS, FINANCIAL CONSULTANTS

35, New Cloth Market, O/s Raipur Gate, Sarangpur, Ahmedabad 380002
Phone: 07948005509, 07948966284, 09825807195, 09825107195, 09327608018
E: harshrathiandco@gmail.com

# माहेश्वरी प्रीमियर लीग संपन्न



**रतलाम।** महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत स्थानीय माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा गत 13 व 14 मई को ग्रीन टर्फ रतलाम पर आयोजित की गई। इसमें रतलाम जिले की माहेश्वरी समाज की 16 टीमों के 112 खिलाड़ी द्वारा क्रिकेट स्पर्धा में भाग लिया गया। लीग में कुल 15 मैच खेले गए। स्पर्धा का समापन गत 14 मई 2023 को हुआ जिसमें माहेश्वरी नॉक आउट क्लब, रतलाम टीम को विजय प्राप्त करने पर 11000 रुपये के नगद पुरस्कार व ट्राफी से सम्मानित किया गया। रनर अप टीम माहेश्वरी रॉयल क्लब, सरवन को 5100 रु नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में तत्कालीन कमिश्नर मध्यप्रदेश शासन गोपालचंद्र दाढ, एलेन इंस्टीट्यूट कोटा के डायरेक्टर गोविंद माहेश्वरी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट, डॉ. रत्नदीप निगम, अपर कलेक्टर अनिल भाना, पिंकेश मेहरा, जावरा, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पार्षद निशा सोमानी, पार्षद स्मिता लड्ढा व समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष यश तोतला ने दिया व आभार नगर अध्यक्ष सर्वेश बाहेती द्वारा व्यक्त किया गया।

# स्त्री रोग परामर्श पर वर्कशाप



**जयपुर।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन के अन्तर्गत क्षेत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन जोन-4 द्वारा 27 अप्रेल को संस्कार होटल, वैशाली नगर, जयपुर में शेल्बी हास्पिटल के सौजन्य से महिलाओं सम्बन्धित रोगों की जानकारी हेतु एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। जोन अध्यक्ष अनुराधा झंवर ने बताया कि डॉ. रितु गुप्ता ने महिलाओं में रजोनिवृत्ति परिवर्तन, सच्चाई एवं तथ्य; डॉ. सुनीता चौधरी द्वारा मासिक धर्म विकार; डॉ. निधि काबरा द्वारा विभिन्न स्त्री रोग सम्बन्धी विकृति एवं डॉ. अनन्या पारीक द्वारा ब्रेस्ट फ्रेंसर के बारे में जागरूकता (कारण, जांच एवं निवारण) के सम्बन्ध में महिलाओं को जानकारी दी गई। जोन मंत्री संजना फलोड ने बताया कि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उमा सोमानी, जिला संगठन संरक्षक उमा परवाल तथा जिला संगठन एवं विभिन्न क्षेत्रीय संगठनों के अनेक पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। करीब 60 महिलाएँ उपस्थित रही। सभी डॉक्टरों का क्षेत्रीय संगठन द्वारा सम्मान किया गया।

# सुरमयी शाम का संगीतमय आयोजन



**वाराणसी।** स्थानीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा संगठन की सदस्याओं को उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित कर संगीत और सुरों के एक अनूठे कार्यक्रम ''सुरमयी शाम'' का आयोजन किया गया। वस्तुतः यह कार्यक्रम अंताक्षरी का ही एक प्रारूप था लेकिन इसकी एक खासियत यह थी कि इसमें हर कोई सहभागी था, किसी को ऐसा अनुभूत नहीं होने दिया गया कि वह इस कार्यक्रम में प्रतिभागी नहीं है या सिर्फ श्रोता मात्र है। पूरे आयोजन स्थल की सजावट और बॉलीवुड की पुरानी फिल्मों की थीम माहौल को और भी खूबसूरत और मनोरंजन से सराबोर कर रही थी। इस अवसर पर सिर्फ समाज के युवा वर्ग ही नहीं बल्कि बुजुर्ग और वरिष्ठ महिलाओं तथा पुरुष वर्ग ने भी सक्रिय सहभागिता की। विभिन्न वर्गों में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। समाज स्वजनों का स्वागत अध्यक्ष इन्दु चाण्डक द्वारा तथा संचालन कार्यक्रम संयोजिका मंजु झंवर, पूनम मानधनी, ज्योति चाण्डक द्वारा किया गया । पुरस्कार वितरण और मंच व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सांस्कृतिक मंत्री सुधा डागा व भावना लड्ढा ने निभाई। आभार अभिव्यक्ति मंत्री सुषमा कोठारी तथा कोषाध्यक्ष वीणा मूँड़दा द्वारा की गई। गिरिराज कोठारी, संजीव चाण्डक, दीपक मूंदड़ा, धीरज मल्ल, अनिल झंवर आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।


|| महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ ||

Mukund Daga
82099 45639

Shivshankar Daga
81170 80575

MAA TARiNi
PRINTS

MFG. OF:
EXCLUSIVE COTTON
& FANCY SAREES

D-3198-99, Millennium-1 Textile Market,
Ring Road, Surat-(Gujrat) 395 002

## डॉ. कलंत्री को अहिल्यादेवी होल्कर पुरस्कार



**नांदेड़ ( महाराष्ट्र )।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा दिये जाने वाला ''पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर पुरस्कार'' महिला व बाल विकास मंत्रालय द्वारा डॉ. सुरेखा अशोक कलंत्री को प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत मंत्री गिरीश महाजन द्वारा सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं ग्यारह हजार का धनादेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर नांदेड़ के सांसद प्रताप पाटील चिखलीकर, विधायक बालाजी कल्याणकर, जिलाधिकारी अभिजीत राऊत, विशेष पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक नांदेड़ आदि गणमान्य जन उपस्थित थे। यह पुरस्कार महाराष्ट्र स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नांदेड़ में प्रदान किया गया।

## लड्ढा बने शिक्षण संस्था अध्यक्ष



**बेमेतरा।** दाढी ग्राम के ख्यात दानवीर लड्ढा परिवार के बेटे ओमप्रकाश लड्ढा विदर्भ की सुविख्यात शैक्षणिक संस्था बिजलाल बियाणी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके साथ ही श्री लड्ढा गौरक्षण संस्था कार्यकारिणी सदस्य, विदर्भ प्रादेशिक महेश कोष में अध्यक्ष, सुकुन में सलाहकार सदस्य, अखिल भारतीय माहेश्वरी संगठन मे अमरावती पूर्व झोन के पूर्वाध्यक्ष तथा संत गुलाबराव महाराज वेद विद्यालय के कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। उल्लेखनीय है कि श्री लड्ढा तथा उनके परिवार का इस शिक्षण संस्था को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## राहगीरों को मट्ठा वितरण




**रायपुर।** माहेश्वरी महिला समिति (गोपाल मंदिर) द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष में 19 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2बजे तक तपती धूप में कुछ राहत मिल जाए राहगीरों को, ऐसा विचार कर मट्ठा वितरण का आयोजन किया गया। आने जाने वाले फिर चाहे वो पैदल, गाड़ी या साइकिल से हों सभी को कुछ समय के लिए ही सही पर शीतलता प्रदान करने का प्रयास किया। प्रचार प्रसार प्रमुख नीलिमा लड्ढा ने बताया कि करीब 3500 से 4000 गिलास मट्ठा वितरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला समिति की महामंत्री ज्योति राठी, माहेश्वरी सभा अध्यक्ष संपत काबरा एंव अन्य वरिष्ठगण, रायपुर महिला समिति की जिलाध्यक्ष पुष्पा लाहोटी, सचिव वर्षा लाहोटी, माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति की अध्यक्ष रमा बागड़ी एंव उनकी टीम समिति की अध्यक्ष प्रगति कोठारी, सचिव कल्पना राठी, कार्यक्रम संयोजिका शशि बागड़ी, संगीता चांडक एंव समिति की सभी सदस्याओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

**छोटी सोच शंका को जन्म देती है और बड़ी समाधान को। सुनना सीख लो तो सहना सीख जाओगे और सहना सीख लिया तो रहना सीख जाओगे।**

महेश नवमी के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ



+91 94268 05791
princefca@gmail.com

CA ARvind Soni
(Social Activist)
www.caarvindsoni.com

- ENTREPRENEUR MENTOR
- CRITICAL & CRISIS FINANCIAL SOLUTION LEGAL SOLUTIONS
- IBC DEBT RECOVERY SOLUTIONS
- ANY FINANCIAL DISPUTE & CRISIS SOLUTION
- REAL ESTATE ADVISORY & SOLUTION
- INVESTMENT & PORTFOLIO PLANNING
- STARTUP VENTURES & SOLUTIONS
- NEW BUSINESS ADVISORY

Being Human - Cause For Concern

- Committee Member: Marwadi Yuva Munch - New Delhi
- Life Member: International Vaishya Federation - New Delhi
- Life Member: Aditya Vikram Birla Vyapar Kendra - Chennai
- Committee Member: Akhil Bhartiya Maheshwari Yuva Sangathan
- Member: Akhil Bhartiya Maheshwari Seva Sadan - Pushkar
- Member: Maheshwari Navyuvak Mandal - Surat
- Committee Member: Surat Jila Maheshwari Samaj
- Trusty : Akhil Bhartiya Maheshwari Seva Trust - Lohargal
- Founder : Do Before Die - Surat
- Life Member: The Southern Gujarat Chamber of Commerce And Industries
- Founder Trusty : ShriJee Hari Har Foundation
- Treasurar & Trusty : Aarya Samaz, Navsari, Maharishi Dayanand Sarswati Goushala, Navsari
- Patron Life Member : Iskcon

Exist For Excellence
Relationship & Trust

# कान्हा का मनाया जन्मोत्सव



**फारबिसगंज।** माहेश्वरी महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षा सुनीता लड्ढा के आवासीय परिसर में कान्हा जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं व बच्चों द्वारा प्रस्तुत सजीव झांकी भक्तों के बीच आकर्षक का केंद्र रही। राज कुमार लड्ढा ने बताया कि इस मौके पर प्रियंका बाहेती, यशोदा एवं पुर्विका कृष्ण बनी व उपस्थित महिलाओं को नाचने व झूमने को मजबूर कर दिया। इससे पूर्व महोत्सव का शुभारंभ सुनीता लड्ढा एव मंजू लड्ढा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी,मंजू लड्ढा, श्यामा राठी, सरस्वती बाई, लक्ष्मी खेमानी, रंजना राठी, नीतू गौतम, मैना बाहेती, सुमन लखोटिया, दुर्गा बाहेती, किरण लखोटिया, संपत बाहेती, नीलम लखोटिया, कृष्णा बाहेती आदि कई महिलाएं मौजूद थी।

# लोककथा में राजा बाबू तृतीय



**दिल्ली।** सीएलएफ फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा आयोजित लोककथा प्रतियोगिता में बीकानेर के ख्यात साहित्यकार गोवर्धनदास बिन्नाणी 'राजा बाबू' द्वारा लिखित 'जरा सी लापरवाही, पड़ जाती बहुत ही भारी' को अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय सर्वश्रेष्ठ लोककथा का पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री बिन्नाणी की इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हर्षा




**कालांवाली-जिला सिरसा (हरियाणा)।** हर्षा माहेश्वरी पुत्री रमेश माहेश्वरी कोठारी ने पंजाब यूनिवर्सिटी से एमबीए ह्यूमन रिसोर्स में ओवरऑल प्रथम रैंक हासिल कर टॉप किया है। इस उपलब्धि पर पीयू की ओर से हर्षा को गोल्ड मैडल और सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# मंत्री को किया आमंत्रित



**हैदराबाद।** पशु संवर्धन एव सिनेमेटोग्राफी मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव को 28 मई को नुमाइश मैदान में आयोजित महेश महोत्सव का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर उपसभापति अरुण भांगड़िया, प्रदेश अध्यक्ष कैलाश डालिया, महामंत्री कन्हैयालाल राठी, ज़िला अध्यक्ष भगवान पन्सारी, महेश फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम तापड़िया, मंत्री संजय लाहोटी, बुद्धिप्रकाश तोषनीवाल, जेपी बांगड़, राजेन्द्र राठी, केके बांगड, अशोक गिल्डा आदि उपस्थित थे।

*With Best Compliments From:*

**N. K. Maheshwari**
**Vedant Maheshwari**
**Virat Maheshwari**

**SAVORITE Pharmaceuticals Pvt. Ltd.**
(One Star Expert House)

**RONALD Pharmaceuticals Pvt. Ltd.**
Block No.: 740, At. Manjusar, Tal.: Savli,
Dist. Vadodara-391775. (Gujarat)

**MYPHER Pharmaceuticals LLP**
Survey No. 524, Mnajusar, Dist. Vadodara (Gujarat)

**Corporate Office:** 703-704, Atlantis Heights, Opp. Vadodara Central,
Sarabhai Compound, Vadodara-390007 (Gujarat) INDIA.

# आराध्या राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत



**सूरत।** सीए सोनी अरविंद सोनी की 11 वर्षीय सुपुत्री आराध्या ऊर्जा संरक्षण विषय पर आयोजित राष्ट्र स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता रही। आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में आराध्या को राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि आराध्या पूर्व में गुजरात राज्य स्तर से 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी जीत चुकी हैं। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# अनाथालय में मानवता की सेवा



**लखनऊ।** गत 5 मई को माहेश्वरी समाज लखनऊ की प्रेरणा से विनोद प्रकाश माहेश्वरी (अध्यक्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा) ने मुंशी लीलावती अनाथालय मोती नगर, लखनऊ में 100 से अधिक कन्याओं को भोजन करवाया। आप हर वर्ष दो बार यह कार्यक्रम करवाते हैं। शरद लाहोटी अध्यक्ष माहेश्वरी समाज लखनऊ एवं निखिल बल्दुआ मंत्री माहेश्वरी समाज लखनऊ एवं कार्यकारिणी ने इस सेवा के लिये श्री माहेश्वरी का आभार व्यक्त किया।

# टवाणी की पुस्तक प्रकाशित




**मदनगंज किशनगढ़।** प्रकाशन ज्ञानमंदिर, मदनगंज किशनगढ़, जिला-अजमेर (राज.) द्वारा साहित्यकार कृष्णचंद्र टवाणी की पुस्तक "जीवन के मोती" सम्मार्ग पर चलने की प्रेरणा का प्रकाशन किया गया। ज्ञानमंदिर के महासचिव और 'अध्यात्म अमृत' द्वैमासिक पत्रिका के प्रधान संपादक श्री टवाणी द्वारा लिखित यह पुस्तक जीवन को श्रेष्ठ जीवन की दिशा में प्रेरित करने वाली है। यह पुस्तक आपने अपने पूज्य पिताश्री स्वर्गीय श्री पुरूषोत्तमदास टवाणी को समर्पित की है।

# अमृत योजना पुस्तिका का विमोचन



**अकोला।** माहेश्वरी युवा संगठन महाराष्ट्र प्रदेश शासकीय योजना लाभ कार्यसमिति प्रदेश प्रमुख परतुर के डॉ. स्वप्निल भगवानदास मंत्री द्वारा संकलित एवं अकोला के रोटरी क्लब ऑफ अकोला नार्थ के सचिव महेश सत्यनारायण बाहेती द्वारा संपादित महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं की माहिती पुस्तिका का विमोचन राज भवन मुंबई में राज्यपाल माननीय श्री रमेश बैंस के कर कमलों द्वारा हुआ। इस पुस्तिका विमोचन के अवसर पर डॉ. स्वप्निल मंत्री एवं महेश बाहेती के साथ मुंबई के सीएस अमित कुमार लाहोटी, जालना जिला युवा माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष रवि भक्कड़, सदस्य सौरभ लोहिया एवं रिद्धि करवा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल का शाल व पुष्पगुच्छ देकर डॉ. मंत्री एवं श्री बाहेती ने सम्मान किया।

# महिला मंडल का निर्विरोध चयन

**नागपुर।** नंदनवन माहेश्वरी महिला मण्डल की 2023-24 के लिये नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष- शांता भूतड़ा, उपाध्यक्ष - इंदु गांधी, सचिव- तरूणा पनपालिया, सहसचिव- शारदा राठी, प्रेमा चांडक, कोषाध्यक्ष- प्रमिला राठी, प्रचार मंत्री-पुष्पा राठी, खेलकूद मंत्री- कविता पलोड, सांस्कृतिक मंत्री- नीता पनपालिया व संगठन मंत्री- मंगला भूतड़ा चुनी गई। संगठन में कार्यकारिणी सदस्याओं का चयन भी हुआ।




**श्री राधेश्याम परवाल**

**जयपुर।** गत दो वर्षों की तरह इस साल भी जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा जयपुर जिला में रह रहे 326 माहेश्वरी परिवारों (जिनकी सालाना पारिवारिक आय एक लाख रुपए तक है अथवा एक लाख से तीन लाख रुपए तक है) का मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना (चिकित्सा बीमा राशि 25 लाख रुपए एवं दुर्घटना बीमा राशि 10 लाख रुपए) में निःशुल्क नवीनीकरण वर्ष 2023-24 हेतु किया गया। इसके लिये जिला सभा ने प्रति परिवार 850/- रुपये का भुगतान किया। जयपुर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र बजाज, जिला मंत्री गोविन्द परवाल, जिला अर्थ मंत्री राधेश्याम काबरा के मार्गदर्शन में मुख्य संयोजक रमेशकुमार भैय्या एवं सह-संयोजक अनिलकुमार अत्तार (परकोटा क्षेत्रीय सभा), जयंत बाहेती (झोटवाड़ा क्षेत्रीय सभा), सुभाष काबरा (सोडाला क्षेत्रीय सभा) आदि का इसमें योगदान रहा।




॥ सभी समाजबंधुओं को महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ ॥

**श्याम भण्डारी**
सूरत
अर्थमंत्री, गुजरात प्रान्तीय माहेश्वरी सभा

**वन्दना भण्डारी**
सूरत
अर्थमंत्री, सूरत जिला माहेश्वरी महिला संगठन

# तेजस्विनी मंच द्वारा स्टार सदस्याओं का सम्मान



**नागपुर।** तेजस्विनी मंच के नए सत्र का शुभारंभ संस्कार और संस्कृति की रोचक चर्चा के साथ हुआ। इसमें विश्व मांगल्य सभा की राष्ट्र प्रमुख वृषाली जोशी के वक्तव्य और मंच की स्टार प्राप्त सखियों का अभिनंदन भी हुआ। तेजस्विनी मंच प्रतिमाह सदस्यों द्वारा मंच के कार्य में की गई सहभागिता के अनुसार उन्हें स्टार प्रदान करता है। वर्ष 2022 के लिये शीतल मूंधड़ा, अर्चना बिंझानी, अर्चना काबरा, पूनम झंवर, सोनल चांडक, वीणा गट्टानी, पूजा राठी, नीरजा ठाकुर, पुष्पा तापड़िया, संध्या सोनी, अनीता भट्टड़, संध्या सोमानी, निशी सावल, दीप्ति सावल, कीर्ति भैया आदि स्टार सखियों को विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कल्पना मोहता और अंजू मंत्री को विशिष्ट पुरस्कार दिए गए।

# महिलाओं ने सीखे बचत एवं इन्वेस्टमेन्ट के गुर




**जयपुर।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन के अन्तर्गत क्षेत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन जोन-5 द्वारा गत 24 अप्रैल को महिलाओं के लिए बचत एवं निवेशक वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मालू इन्वेस्ट वाइस प्राईवेट लिमिटेड एवं निप्पोन म्युचुअल फण्ड के सौजन्य से किया गया। जोन अध्यक्ष रेखा धूत ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उमा सोमानी, जिला संरक्षक उमा परवाल, जिला संगठन के विभिन्न पदाधिकारी, प्रदेश संगठन की अध्यक्ष पूनम दरगड़ एवं मंत्री सुनिता जैथलिया, अन्य जोनों के पदाधिकारी सहित करीब 70 महिलाएँ उपस्थित थीं। कार्यक्रम में बचत के महत्व एवं बचत के सुनियोजित तरीके से निवेश करने के संबंध में सी. ए. कमल मालू, कैलाश मालू, निप्पोन म्युचुअल फण्ड के अविनाश तिवाड़ी ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद हाई-टी भी रखी गई थी। जोन मंत्री विजयलक्ष्मी बियानी ने आभार व्यक्त किया।

# तेंदुआ शिकार मामले में जांच की मांग



**भीलवाड़ा।** वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के पूर्व विशेष अधिकारी एवं पीपल फॉर एनिमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने मेवाड़ के जंगलों में शिकारियों के समूह द्वारा 40 से अधिक तेंदुए का शिकार कर उनकी खालें बेचने के मामले में एटीएस और एसओजी के अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है। श्री जाजू ने आशंका जाहिर की है कि तेंदुआ के शिकारियों के तार निश्चित रूप से अंतर्राष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों से जुड़े हुए हैं।

# विदर्भ व प्रादेशिक संगठन के चुनाव संपन्न





**नागपुर।** गत 7 मई 2023 को महासभा कार्यालय के चुनीलाल सोमानी सभा गृह में चुनावी सभा का आयोजन किया गया था। चुनाव समिति एवं विदर्भ प्रदेश मुख्य चुनाव अधिकारी मधुसूदन सारडा ने विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी संगठन के चुनाव में चयनित विभिन्न पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। महासभा मुख्य चुनाव अधिकारी विजय चांडक, केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य सज्जनकुमार मोहता, प्रदेश सहायक चुनाव अधिकारी रामपाल कलंत्री एवं जगदीश बंग थे। इसमें अध्यक्ष पद के लिए चंद्रपुर निवासी दामोदर सारडा व मंत्री पद के लिए दिग्रस निवासी अजय मोदानी निर्विरोध निर्वाचित हुये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलकिशोर माहेश्वरी (पुलगांव), अर्थमंत्री सीए राजेश काबरा (नागपुर), मुख्य प्रसार प्रचार मंत्री डॉ. सूर्यप्रकाश मालाणी (अमरावती), उपाध्यक्ष पूर्व संतोष चांडक (कुरखेड़ा), उपाध्यक्ष पश्चिम राजेश राठी (अकोला), संगठन मंत्री पूर्व ब्रिजगोपाल दरक (नागपुर), संगठन मंत्री पश्चिम नरेश बियानी (अकोला), प्रसार मंत्री पश्चिम डॉक्टर गोविंद झंवर (मेहकर), संयुक्त मंत्री पूर्व अशोक चांडक (गोंदिया), संयुक्त मंत्री पश्चिम संदीप राठी (अंजनगांव सुर्जी) एवं शिवलाल भूतड़ा (वाशिम) आदि पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। रमेश मंत्री (नागपुर) प्रदेश संगठन की ओर से महासभा कार्यसमिति सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। नागपुर निवासी नीरज लखोटिया को प्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दामोदर सारडा द्वारा महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य मनोनीत किया गया।

*आज से बेहतर कुछ भी नहीं क्योंकि कल कभी आता नहीं और आज कभी जाता नहीं।*

# उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला संगठन ने ली शपथ



**उज्जैन।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन का कार्यकर्ता सम्मान एवं शपथ विधि ग्रहण समारोह नागदा के स्नेह कुंज गार्डन में सम्पन्न हुआ। स्वागत उद्बोधन स्थानीय अध्यक्ष ज्योति मोहता एवं ज़िला अध्यक्ष राधा असावा ने दिया। शपथ अधिकारी के रूप में इंदौर से आयी ललिता मालपानी महिला सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष उपस्थित थी। विशेष अतिथि के रूप में नागदा की अनीता राठी ने अपने उद्बोधन में सभी से सम्यक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। अतिथि अलका राठी खाचरोद ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई प्रेषित की। पश्चिमी मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष उषा सोढ़ानी उज्जैन ने पारिवारिक समरसता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में ज़िले की तहसील अध्यक्षों के साथ 150 महिलायें उपस्थित रहीं। इनके साथ अतिथि कद रूप में गोविंदलाल मोहता महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य, सतीश बजाज प्रदेश सभा कार्यकारी मंडल सदस्य, मनोज राठी प्रदेश सभा कार्यकारी मंडल सदस्य, घनश्याम राठी जिला सभा कोषाध्यक्ष, नवीन बाहेती जिला सभा सचिव, अशोक बीसानी जिला सभा कार्यसमिति सदस्य, आनंदीलाल गगरानी जिला सभा कार्यसमिति सदस्य आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इसमें अध्यक्ष सीमा मालपानी तथा सचिव मनीष राठी सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी ने पद की शपथ ली।

# हास्य कवि सम्मेलन का किया आयोजन



**इंदौर।** महेश नवमी के अन्तर्गत माहेश्वरी संस्कृति विराट अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन सम्पूर्ण इन्दौर माहेश्वरी समाज हेतु किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक मुनीश-किरण मालानी थे। कार्यक्रम अध्यक्ष श्यामसुंदर-राजश्री माहेश्वरी ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम 24 मई 2023 को इन्दौर स्थित रवीन्द्र नाट्य गृह में आयोजित किया गया। इसमें देश के प्रसिद्ध हास्य कवियों ने हास्य के रस बिखेरे, जिसे श्रोताओं द्वारा बहुत पसन्द किया गया। कार्यक्रम संरक्षक- प्रमोद-सुनीता बूब एवं मनीष-अर्चना सोमानी ने बताया कि पुरस्कार वितरण भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू, अशोक ईनानी अ. भा. माहेश्वरी महासभा पूर्व संगठन मंत्री, पुष्प माहेश्वरी प्रादेशिक अध्यक्ष, सत्यनारायण मंत्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष माहेश्वरी समाज के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मुकेश-विनीता सारडा ने किया।

# प्रादेशिक माहेश्वरी सभा का निर्विरोध चयन




**जयपुर।** गत 28 अप्रैल को जयपुर के उत्सव जनोपयोगी भवन में पूर्वोत्तर राजस्थान माहेश्वरी सभा के सत्र 2023-2026 के लिए सम्पूर्ण कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन सम्पन्न हुआ। जुगल किशोर सोमाणी जयपुर अध्यक्ष, राजकुमार धूत सीकर मंत्री, सत्यनारायण काबरा (अम्बाबाड़ी) जयपुर अर्थमंत्री, शंकरलाल कर्वा जयपुर संगठन मंत्री का सर्वसम्मति से चयन हुआ। इसी तरह पन्नालाल सारड़ा सीकर, सत्यनारायण काबरा (जेडी) जयपुर, रामअवतार आगीवाल जयपुर को उपाध्यक्ष चुना गया। संयुक्तमंत्री नवलकिशोर झंवर जयपुर, शिवरतन मोहता जयपुर, कमलकिशोर खटोड़ चौमूँ चुने गए। मनीष जाजू को सहमंत्री नियुक्त किया गया। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा कार्यसमिति का सदस्य कैलाश सोनी को बनाया गया। निवर्तमान अध्यक्ष मधुसूदन बिहानी के साथ ही बजरंग जाखोटिया, केदार भाला, राधेश्याम परवाल, बजरंग बाहेती, आत्माराम काबरा, मनीष बियानी (सीकर), मुख्य चुनाव अधिकारी मालचन्द बाहेती आदि उपस्थित थे।

# मोहता बने वैष्णव परिषद उपाध्यक्ष



**शाजापुर।** अंतराष्ट्रीय वैष्णव परिषद की सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की बैठक शुजालपुर के मानस भवन में आयोजित हुई, जिसमें करीब चार सौ वैष्णवो ने अपनी सक्रिय भागीदारी की। मुख्य अतिथि इंदौर नाथद्वारा के दिव्येश बाबा श्री महाराज थे। इस बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन भी हुआ। इसमें नागदा माहेश्वरी समाज के संरक्षक, मार्गदर्शक गोविंदलाल मोहता को सर्वसम्मति से परिषद उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक सम्पन्न




**कानपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ के कुशल नेतृत्व में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के त्रयोदश सत्र की राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक ''ऊर्विजा'' 28 अप्रैल को कानपुर के प्रसिद्ध स्थल कानपुर क्लब में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मध्य उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन के आयोजन एवं श्री माहेश्वरी महिला मंडल कानपुर के आतिथ्य में संयोजित बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय पदाधिकारीगण एवं समस्त आंचलिक पदाधिकारीगणों की उपस्थिति भी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष श्रीमती बांगड़ द्वारा सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया तथा उपहार स्वरूप साड़ी एवं रामायण भेंट की गई। महामंत्री ज्योति राठी द्वारा शाब्दिक स्वागत कर बैठक की शुरुआत की गई। पूर्व में ऑनलाइन आयोजित सभी बैठकों की कार्यवाही को सभी की सहमति प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही शुरू की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा त्रयोदश राममय सत्र हेतु रामायण से उद्धृत उद्घोष ''पर उपकार वचन मन काया'' को सार्थक करने हेतु 10 राष्ट्रीय समितियां बनाई गई। इन दसों समितियों हेतु प्रभारी तथा आंचलिक सहप्रभारियों की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। अनेक सामाजिक विषयों पर चिंतन और मनन कर विभिन्न कार्यक्रमों की योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। संस्कार सिद्धा बाल एवं किशोरी विकास समिति के अंतर्गत बाल संस्कार के साथ राष्ट्रीय स्तर पर किशोरी संस्कार शिविर का आयोजन इस सत्र की प्रमुखता रहेगी। बैठक में लिये गये निर्णयानुसार ग्राम विकास योजना अंतर्गत स्थानीय जिला या प्रदेश द्वारा एक गांव को अडॉप्ट कर स्मार्ट गांव की पीपीटी बनाकर मेरा गांव मेरा देश के नाम से सिलेक्ट कर उसे प्रशासन को भेजा जाएगा।

महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी समाजजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ

Chaturbhuj Rathi
Arjundas Rathi

SNGC

Avinash Rathi
Shrikant Rathi

(Govt. Recognised Export House)

Shri Nath Gum & Chemicals

Mfg. & Expt. of Gaur Gurn Splits & Powder

E-278, M.I.A., 2nd Phase, Basni, JODHPUR - 342005 (Raj.) INDIA
Phone : 0291 2741848, Fax : 0291 2740950, Mobile : 094141 31848
Website : www.shrinathgum.com | E-mail : shrinathgum.chemical@gmail.com

## महाराष्ट्र प्रदेश सभा के चुनाव सम्पन्न




**पुणे।** माहेश्वरी समाज की दृष्टि से भारतवर्ष में महाराष्ट्र सबसे बड़ा प्रदेश है। यहां प्रदेश सभा के अध्यक्ष का चुनाव हमेशा निर्विरोध ही हुआ है। इस बार भी इतिहास ने अपने आप को दोहराया और माहेश्वरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डोंबिवली के मधुसूदन गांधी का निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव अधिकारी अंजनी कुमार मूंदड़ा थे। इस चुनाव में कोषाध्यक्ष-विनोद जाजू, संगठन मंत्री-चिरंजीलाल दागड़िया, मराठवाड़ा विभाग उपाध्यक्ष-राजकुमार पलोड़, पश्चिम महाराष्ट्र विभाग उपाध्यक्ष रामेश्वर लाहोटी, कोकण विभाग उपाध्यक्ष- दिनेश सोमानी, उत्तरमहाराष्ट्र विभाग उपाध्यक्ष केदारमल मूंदड़ा, मराठवाड़ा विभाग संयुक्त मंत्री नंदकिशोर तोतला, पश्चिम महाराष्ट्र संयुक्तमंत्री मनमोहन कासट, कोकण विभाग संयुक्त मंत्री भगवान मालपानी, उत्तर महाराष्ट्र विभाग संयुक्त मंत्री राहुल बाहेती सर्व सम्मति से चुने गये। श्री गांधी ने पदभार स्वीकारने के बाद पदग्रहण समारोह में ही महामंत्री जालना के सत्यनारायण सारडा को नियुक्त किया। उन्होंने 2 पदों पर और घोषणा की, प्रदेश जनसंपर्क मंत्री ओमप्रकाश तापड़िया नांदेड और सह सचिव पुरुषोत्तमजी रांदड, ठाणे को नियुक्त किया गया।

## महेश क्रेडिट में डिजिटल लेन-देने शुरू



**बूंदी।** महेश क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के अध्यक्ष संजय लाठी ने अंशधारियों की सुविधाओ के विस्तार के क्रम में डिजिटल लेन-देन की सुविधा का शुभारंभ किया। बैठक में अंशधारियों के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा करवाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। वहीं आगामी 29 मई को महेश नवमी महोत्सव के तहत निकलने वाली शोभा यात्रा का जैत सागर रोड स्थित महेश वाटिका के बाहर शीतल पेय एवं पुष्प वर्षा से स्वागत करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वर मंडोवरा ने किया। इस दौरान सोसायटी उपाध्यक्ष चतुर्भुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोहन लाल बाहेती, निदेशक मनीष मंत्री, पुरुषोत्तम नुवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य नरेश लाठी आदि उपस्थित रहें।

## महेश नवमी उत्सव की शुरुआत



**चंद्रपुर।** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस के पावन पर्व महेश नवमी उत्सव का आगाज़ 21 मई सुबह 6.30 बजे 'श्री महेश ट्रेज़र हंट' के साथ हुआ। इसमें 'खजाने की खोज' प्रतियोगिता में 16 से 70 साल के 100 'युवा' खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस खेल के अंतर्गत चंद्रपुर शहर के कई दुर्लभ शिवलिंग और पुरातन शिव मंदिर के सांकेतिक निर्देश खिलाड़ियों को दिए गए थे जिन्हे पहचान कर उन्हें वहां पर सेल्फी लेना थी। प्रकल्प निर्देशक आनंद झंवर की सोच और प्रयास की सभी समाज बंधुओ ने काफी सराहना की। 'श्री महेश ट्रेज़र हंट' का समापन महेश भवन में हुआ, तत्पश्चात चैस और कैरम स्पर्धा का उद्घाटन चंद्रपुर जिला माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष शिवनारायण सारडा के हाथों से किया गया, जिसमें 120 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। शाम 6 बजे समाज के बच्चों, युवा और महिलाओ के लिए बॉक्स क्रिकेट का आयोजन बिग बुल क्लब टर्फ, दाताला रोड पर किया गया। इस बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में 4 टीम महिलाओं की और 8 टीम पुरुषों की थी कुल 108 खिलाड़िओ ने इसका लाभ उठाया।


।। जय श्री श्याम ।।

RAMCHANDRA
LAXMI NARAYAN MUTHA

V-11 Mandor Mandi Jodhpur (Raj.)
गेहूँ के व्यापारी 94141-29229
Shyam Sunder Mutha

HARI KRISHNA TEXTILES

Army Supply Whole Salar
Opp. Ratanada, Jodhpur (Raj.)
Vasudev Mutha 94141-96343

PAWAN SHOES CENTRE
LIBERTY
Jodhpur (Raj.) Mob. 7568047803
Pawan, Krishna Mutha

# बाईक से बनाया पहाड़ी चढ़ाई का कीर्तिमान

**इंदौर।** लगन, जज्बा और साहस साथ-साथ हो तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं है और इसी बात को सार्थक कर दिखाया इंदौर के दंपत्ति योगेश और हेमा नागौरी ने। उन्होंने बाइक से विश्व की सबसे ऊंची मोटरेबल रोड (वाहन जाने योग्य) खारदुंगला दर्रे को अपनी मंजिल बनाया। उन्होंने विपरीत मौसम, सर्द हवा, निम्नतम तापमान, स्नो फॉल आदि कई बाधाओं को पार करते हुए खारदुगला (17982 फीट) पर इंदौर का परचम लहराया। ज्ञातव्य है कि खारदुंगला लेह लद्दाख क्षेत्र का सर्वाधिक ऊंचाई वाला क्षेत्र है, जो कि कई बाईकर्स के आकर्षण का केंद्र है। इसी क्षेत्र में चांगला दर्रा (17586 फीट ऊँचाई) जो कि विश्व की दूसरी सबसे ऊंची मोटरेबल रोड है वह भी बाईकर्स के आकर्षण का केंद्र है, इस क्षेत्र में आने वाले बाईकर इन्ही दोनों उंचाईयों को पार करना अपनी सफलता मानते हैं और यही सफलता नागोरी दंपति ने चांगला दर्रे को बाइक से पार कर प्राप्त की।

वर्ष 1971 में भारत ने तुरतूक को अपने अधिकार में ले लिया था जो कि पाकिस्तान के पास था। तुरतूक (पाकिस्तान के कब्जे वाला गिलगीत और बाल्टिस्तान) सामरिक रूप से भारत के लिए महत्वपूर्ण था। वहां पहुंचकर देशभक्ति एक अलग ही अंदाज़ में हिलोरे लेने लगती है और मन बरबस ही सेना के प्रति नतमस्तक हो जाता है। तुरतुक भी बाइक से दोनो दंपति पहुंचे और तुरतुक से 12 किलोमीटर आगे थांग भी पहुंचे, जहाँ से पाकिस्तान की पोस्ट 200 मीटर की दूरी पर ही है और आँखों से दिखती है। तुरतुक को सियाचिन का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। इस यात्रा में दो विश्व प्रसिद्ध नदियां सिंधु और जास्कर का संगम भी देखने को मिला, जहाँ दो अलग-अलग रंगों की धाराएं नीली और हरी स्पष्ट देखने को मिलती हैं। सिंधु नदी भारतीय सभ्यता और संस्कृति को सदियों से पोषित करती रही है और आज भी इस क्षेत्र की जीवनदायिनी नदी के रूप में जानी जाती है। अपनी बाइक यात्रा के दौरान इस दंपत्ति ने मैग्नेटिक हिल को भी देखा जिस पर चुंबकीय आकर्षण के कारण वाहन स्वतः ही चलते हैं। धार्मिक भावना के दृष्टिकोण से भी इस यात्रा में दो महत्वपूर्ण पढाव हैं, पहला पत्थर साहिब गुरुद्वारा जो कि सिख संप्रदाय की ही नहीं अपितु समस्त धर्म प्रेमियों के लिए आस्था का केंद्र है। वहां पहुंचकर एक





अलग ही पवित्र भावना से मन प्रफुल्लित हो उठता है, गुरुद्वारे के दर्शन एवं लंगर प्रसादी से समस्त थकान गायब हो जाती है। दूसरा बौद्ध अनुयायियों का धार्मिक स्थल शांति स्तूप भी यात्रा का एक आकर्षण है, जो बौद्ध कालीन स्थापत्य कला का एक नायाब नमूना है। इसके दर्शन से ही लेह के जीवन दर्शन को समझने में सहायता मिलती है। लेह में सैनिकों की शौर्य गाथाओं को बताता हॉल ऑफ फेम म्यूजियम भी बाइकर्स में सैनिकों के प्रति जोश भर देता है।

---

श्रद्धांजलि

# नहीं रहे ख्यात शिक्षाविद श्री कुलश्रेष्ठ



**उज्जैन।** जब-जब उज्जैन के शैक्षणिक लय इतिहास को लिखा जाएगा, तब-तब श्री कृष्णमंगलसिंह कुलश्रेष्ठ का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। उन्होंने जो कार्य किए हैं, वह उनकी प्रेरणा के रूप में हमेशा जीवंत रहेंगे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रेमनारायण नागर ने उक्त विचार शिक्षाविद् कृष्णमंगलसिंह कुलश्रेष्ठ की श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किये। सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा श्री कुलश्रेष्ठ ने पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पित किया। सभा में कुलपति प्रो. अखिलेशकुमार पांडेय, न्यायमूर्ति उदयसिंह बेहरावत, प्रताप मेहता, अमित श्रीवास्तव, पद्मश्री प्रहलाद टिपानिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सनातन धर्म से डॉ. स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज, सिख समाज से चरणजीतसिंह गिल, ईसाई समाज से फादर पास्टर ब्लेसन व ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने अपनी भावांजलि व्यक्त की। भारतीय ज्ञानपीठ की निदेशक अमृता कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्व. श्री कुलश्रेष्ठ की स्मृति में प्रतिवर्ष 36 छात्राओं को संस्थान द्वारा स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसमें 12 छात्राओं को शिक्षण शुल्क माफी व 12 छात्राओं को निःशुल्क गणवेश एवं 12 अन्य छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। सभा का संचालन डॉ. गिरीश पंड्या ने किया। श्री माहेश्वरी टाईम्स परिवार की ओर से विनम्र श्रृद्धांजलि।

## श्रीमती गीता देवी झंवर



**कलकत्ता (पश्चिम बंगाल)।** समाजसेवी गोवर्धनदास बिन्नानी ''राजा बाबू'' की अनुजा गीता देवी धर्मपत्नी स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद झँवर का गत दिनों देहावसान हो गया। आप अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री के साथ भरा-पूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गई हैं।

## श्रीमती अरुणादेवी मालू



**इंदौर।** समाज सदस्य सुरेशचंद्र की धर्मपत्नी तथा शोभिता (सोनू) की माताजी एवं आशीष मंत्री की सासूजी श्रीमती अरुणा देवी मालू का स्वर्गवास गत 05 मई को हो गया है। आप अपने पीछे भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गई हैं।





**अल्पसंख्यक होने के बावजूद माहेश्वरी समाज के युवा संघ लोक सेवा आयाग की प्रशासनिक सेवा जैसी परीक्षा में अपनी मेहनत व अपनी बुद्धिमत्ता का लोहा मनवाने में पीछे नहीं हैं। इस बार की यूपीएससी में भी समाज के कई युवाओं ने सफलता हासिल कर पुनः यह सिद्ध कर दिखाया है।**

# प्रशासनिक सेवाओं में फहरा माहेश्वरी परचम





**धार।** बदनावर की संस्कृति सोमानी ने यूपीएससी में 49वीं रैंक हासिल की है। वह धार के भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी की बेटी हैं। संस्कृति को दूसरे प्रयास में सफलता मिली है। उनकी इस कामयाबी पर धार में जमकर जश्न मना। बदनावर क्षेत्र से पहली बार कोई युवती यूपीएससी परीक्षा में सिलेक्ट हुई है।



**सिलीगुड़ी।** तारानगर के स्वर्गीय श्री शिवभगवान के सुपौत्र और वर्तमान में सिलीगुड़ी निवासी रजनीश व मधु खेमाणी के सुपुत्र चैतन्य खेमाणी ने यूपीएससी (भारतीय प्रशासनिक सेवा) की महत्वपूर्ण परीक्षा में 158 वां स्थान प्राप्त किया। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।



**जयपुर।** श्री गंगानगर के भामाशाह स्व. श्री सुशील कुमार बिहाणी एवं श्रीमती किरण देवी बिहाणी की पौत्री एवं समाज सेवी मधुसूदन बिहाणी व श्रीमती नीता बिहाणी की सुपुत्री वेदिका बिहाणी ने यू.पी.एस.सी. (सी.एस.ई.) परीक्षा में 213 वॉ स्थान अर्जित किया है। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

*With Best Compliments From*

0261-2331183
94271-36831

EAGL® FABRICS

*Mfg. of Exclusive Fancy Sarees*

1045, Shri Mahavir Textile Market, Ring Road,SURAT-395 002
E-mail: eaglefabrics9@gmail.com

## प्रिया बीडीएस उत्तीर्ण



**मुरलीगंज ( झारखंड )।** ललित-अमिता चांडक की सुपुत्री एवं स्वर्गीय श्री द्वारका प्रसाद व स्वर्गीय श्रीमती जमुना देवी चांडक की सुपौत्री प्रिया चांडक ने ऋषिराज कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंस एंड रिसर्च सेंटर भोपाल से बीडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## याचना को एमबीबीएस की उपाधि



**रांची।** मनोज (वकील) - कृष्णा काबरा की सुपुत्री एवं स्व. श्री केदार मल काबरा व स्व. श्रीमती फूला देवी काबरा की सुपौत्री याचना काबरा ने केपीसी मेडिकल कॉलेज जादवपुर कोलकाता, पश्चिम बंगाल से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## परिधि को एमबीबीएस की उपाधि



**रांची।** विनीत- नीलम साबू की सुपुत्री एवं स्वर्गीय श्री महावीर प्रसाद साबू व श्रीमती विमला साबू की सुपौत्री परिधि साबू ने आइक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजों ने हर्ष व्यक्त किया।

## निधि को 6 स्वर्ण पदक



**जयपुर।** रुड़की की आईआईटी के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉ. बालकृष्ण माहेश्वरी (आगीवाल) की सुपुत्री डॉ. निधि माहेश्वरी ने जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की। इसमें विशिष्टता यह रही कि उन्होंने 4 विषय में सर्वोच्च अंक तथा अपने बैच में लगातार दो वर्षों तक सर्वोच्च अंक लेकर एक साथ 6 स्वर्ण पदक पाने का कीर्तिमान स्थापित कर दिया।

## रामस्वरूप ने किया यूएसए से एमटेक



**उमरकोट ( पाकिस्तान )।** इंजीनियर जयदेव सांझिरा माहेश्वरी के सुपुत्र रामस्वरूप निवासी उमरकोट (पाकिस्तान) ने कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## बृंदा बनी आर्किटेक्ट



**गुवाहटी।** द्वारकाप्रसाद व शकुंतला मीमाणी की सुपौत्री तथा कृष्णकुमार व मीनाक्षी की सुपुत्री बृंदा मीमाणी ने B Arch (आर्किटक्चर) की परीक्षा एसआरएम यूनिवर्सिटी चैन्नई से मैरिट में उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## मानस को 95 और दक्षता को 90 प्रतिशत





**बीकानेर।** गोवर्धन दास बिन्नाणी के पोत्र तथा समीर बिन्नाणी के सुपुत्र मानस ने सीबीएसई द्वारा घोषित 10 वीं की परीक्षा में 95% अंक प्राप्त किये। मानस की बड़ी बहन दक्षता ने भी सीबीएसई द्वारा घोषित 12 वीं की परीक्षा में 90% अंक प्राप्त किये।

## त्रिशा आईसीएससी में देश में द्वितीय



**मालदा ( प.बं. )।** स्वर्गीय श्री रमेश बाबू की सुपौत्री तथा राकेश - निशा बिहानी की सुपुत्री त्रिशा बिहानी ने आईसीएससी की 10 वीं की परीक्षा में सम्पूर्ण भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## गोविन्द आईसीएससी में सप्तम



**सिलीगुड़ी ( प.बं. )।** स्वर्गीय गिरधर बाबू के सुपौत्र तथा भरतकुमार वन्दना सारडा के सुपुत्र गोविन्द सारड़ा ने आईसीएससी की 10 वीं की परीक्षा में सम्पूर्ण भारत में सप्तम और पश्चिम बंगाल में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रिया को 99 प्रतिशत अंक



**जलपाईगुड़ी ( बेलकोबा )।** समाज सदस्य हरि मोहता एवं रेखा मोहता की बेटी तथा झारखंड बिहार करजाइन माहेश्वरी सभा सदस्य लक्ष्मी नारायण सारडा की दोयती रिया मोहता ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99% अंक प्राप्त कर वेस्ट बंगाल राज्य एवं भारत में चौथा स्थान हासिल किया।

## प्रांजल को 99.4 पर्सेंटाइल



**सूरत।** समाज सदस्य सीए अरविंद सोनी की सुपुत्री प्रांजल ने जेईई मेन्स में कुल 99.4 पर्सेन्टाइल प्राप्त किये। अब शीघ्र ही उनके आईआईटी में प्रवेश की सम्भावना है। उल्लेखनीय है कि प्रांजल ने सीबीएसई 12वीं विज्ञान की परीक्षा में भी 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

## निश्का आईएससी में देश में तृतीय



**गुवाहाटी।** समाज सदस्य शैलेश - शीतल बाहेती की सुपुत्री निश्का ने इंडियन स्कूल सर्टीफिकेट आईएससी की 12 वीं की परीक्षा 99.25% अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की। इसमें निश्का ने पूरे भारत वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## महिमा को 97.2 प्रतिशत



**छपरा (बिहार)।** समाज सदस्य सुलेखा-राजीव माहेश्वरी की सुपुत्री माहिया माहेश्वरी ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 97.2% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## अर्हम को 94.6 प्रतिशत



**राँची (झारखंड)।** अर्चना-मनीष मारु के पुत्र अर्हम मारु ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 94.6% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## श्रुति को 92 प्रतिशत



**गुमला (झारखंड)।** समाज सदस्य निशा-पंकज साबू की पुत्री श्रुति साबू ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 92.0% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## सक्षम को 90.2 प्रतिशत



**राँची (झारखंड)।** समाज सदस्य शांति-किशन काबरा के पुत्र सक्षम काबरा ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 90.2% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## वेद को 95.8 प्रतिशत



**रांची (झारखंड)।** समाज सदस्य उषा-नीरज चितलांगिया के पुत्र वेद चितलांगिया ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 95.8% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## भव्य को 95.4 प्रतिशत



**राँची (झारखंड)।** समाज सदस्य रेखा-अशोक करनानी के पुत्र भव्य करनानी ने आईएससीई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा 95.4% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## ऋषभ को 95.2 प्रतिशत अंक



**रामगढ़ (झारखंड)।** बबिता-संदीप तापड़िया के पुत्र ऋषभ तापड़िया ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा 95.2% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## यश्वि को 94.8 प्रतिशत



**राँची (झारखंड)।** समाज सदस्य आंचल-मुकेश कुमार चितलांगिया की सुपुत्री यश्वि चितलांगिया ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 94.8% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## भूमिका को 90 प्रतिशत अंक



**डेगाना।** गांव चान्दारुण के रहने वाले सुरेशचंद मोदानी की सुपुत्री भूमिका मोदानी ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं वाणिज्य की परीक्षा में डेगाना तहसील में प्रथम स्थान हासिल किया। इसमें उन्होंने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

## शुभांगी को 99.2 प्रतिशत



**बरेली (उ.प्र.)।** सरदारशहर के मूल निवासी हनुमानमल लखोटिया की सुपौत्री व बरेली निवासी प्रकाश-सीमा लखोटिया की सुपुत्री शुभांगी लखोटिया ने सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा 95.2% अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## वंशिका को 95.4 प्रतिशत



**नागपुर।** वंशिका पुत्री हितेश-मोनिका झंवर व पोत्री नारायण दास, विमला देवी झंवर ने 95.4% अंक लेकर 10 वीं कक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

## बलराम को 94.8 प्रतिशत



**खूंटी (झारखंड)।** समाज सदस्य श्वेता-उदय भाला के पुत्र बलराम भाला ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 94.8% अंक के साथ उत्तीर्ण की।

## वेदिका को 96.8 प्रतिशत



**सोजत।** स्वर्गीय श्री बंकटलाल मोदी की पोत्री, व शैलेश-राखी की सुपुत्री वेदिका ने बोर्ड की 10 वीं की परीक्षा 96.8% अंकों से उत्तीर्ण की। देवभाषा संस्कृत में 100% अंक प्राप्त किये।

## आर्णा को 97.80 प्रतिशत



**इंदौर।** कुमारी आर्णा माहेश्वरी सुपौत्री मंदाकिनी स्वर्गीय श्री जगदीशचंद्र माहेश्वरी सनावद व सुपुत्री पूजा-सीए अभिषेक माहेश्वरी ने कक्षा दसवीं सीबीएसई की परीक्षा 97.80% से उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## अनय को 97.4 प्रतिशत



**नागपुर।** अनय पुत्र अमित-स्नेहल झंवर व पोत्री किशनदास झंवर ने 10 वीं कक्षा में 97.4% अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

**घर से दरवाजा छोटा, दरवाजे से ताला छोटा, ताले से चाबी छोटी पर छोटी चाबी से सारा घर खुल जाता है। छोटे-छोटे विचार बड़े-बड़े बदलाव ला सकते हैं।**

|| जय महेश ||



# माहेश्वरी समाज का 5156वाँ उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन पर्व पर हार्दिक मंगल शुभकामनाएं

## माहेश्वरी सभा, बेंगलुरु

निर्मलकुमार तापड़िया
अध्यक्ष

कार्यसमिति सदस्यगण

भगवानदास लाहोटी
सचिव

E-mail : mahsabblr@gmail.com | Website : www.msblr.org

### माहेश्वरी महिला संगठन

श्रीमती श्वेता बियानी
अध्यक्षा

श्रीमती निर्मला काँकाणी
सचिव

### माहेश्वरी युवा संघ

अरविन्द लोया
अध्यक्ष

धीरज काबरा
सचिव

### माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित

मोहनलाल माहेश्वरी
चेयरमैन

गोपालदास इन्नानी
मैनेजिंग ट्रस्टी




# 3/4,Okalipuram Main Road, Bengaluru - 560 021.
Ph. : 080 - 2312 7597




# 11/12, 1st Main Road, Okalipuram 1st Stage,
Bengaluru - 560 021. Ph. : 080 - 2352 7672

### माहेश्वरी फाउण्डेशन द्वारा संचालित

राजगोपाल भूतड़ा
चेयरमैन

ललित मालानी
मैनेजिंग ट्रस्टी




# 336, Ideal Home Society, 17th Cross, Rajrajeshwarinagar,
Bengaluru - 560 098. Ph. : 080 - 2860 3734
e-mail : mfblr121@gmail.com

### माहेश्वरी सौहार्द्र क्रेडिट को-ऑपरेटिव लि.

लक्ष्मीनारायण डागा
अध्यक्ष




# 69, Sirsi Road, Sirsi Circle, Chamrajpet, Bengaluru - 560 018
Ph. : 080-48544445/26704425 E : mscсltd2016@gmail.com | W : www.msccl.in



## संवेदनाओं की सरिता

# कोमल झंवर

आमतौर पर प्रबंधकीय व्यक्तियों को सख्त माना जाता है। बुलढाणा निवासी कोमल सुकेश झंवर भी काम के मामले में तो सख्त हैं लेकिन उनके मन में उमड़ती संवेदना की सरिता इससे भी तिरोहित नहीं हुई। व्यक्तिगत स्तर पर बुलढाणा अर्बन को ऑपरेटिव सोसायटी हो या सहकार विद्या मंदिर सभी संस्थाओं के कर्मचारियों के प्रति वही स्नेही व संवेदना उमड़ता है, जो अपने परिजन के प्रति है। इसी ने उन्हें विलक्षण बना दिया।

■ टीम SMT





विश्व में, भारत देश में, देश के राज्य में, राज्य के जिले में कई महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्र में अपने साहस और सूझ-बूझ, प्रतिष्ठा- सम्मान का परिचय दिया है। हर परिस्थिति फिर चाहे वह अनुकूल हो या प्रतिकूल महिलाएँ प्रेम, धैर्य, ममता, सहनशीलता, हिम्मत जैसे गुणों से परिस्थिति को अनुकूल लेती ही हैं। लेकिन अनुकूल परिस्थिति में कुछ महिलाएँ ऐसी है जो इस परिस्थिति का उपयोग समाज के उत्थान के लिए करती हैं। ऐसी ही विभूति हैं, बुलढाणा निवासी डॉ. सुकेश झंवर की धर्मपत्नी व राधेश्याम चांडक की सुपुत्री कोमल झंवर। वे आज बैंकिंग और शिक्षा क्षेत्र में बुलढाणा जिले में एक सुपरिचित नाम है। एक ऐसी महिला जो शिक्षित हैं और अपने संस्कारों का पालन करना जानती हैं। वे मजबूत विचारों की नारी हैं और उनकी आँखो में कई सपने हैं। निश्चित ही ये सपने हैं, अपने परिवार के प्रति और 'बुलढाणा अर्बन को-ऑप. सोसायटी' एवं 'सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा' एवं उसकी 22 शाखाओं में कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी के प्रति।



## सादा जीवन व उच्च विचार ही पहचान

कोमल बुलढाणा अर्बन को-ऑप. सोसायटी के संस्थापक श्री राधेश्याम चांडक की सुपुत्री एवं बुलढाणा अर्बन कोऑपरेटिव सोसायटी के सीएमडी डॉ. सुकेश झंवर की पत्नी हैं। कुछ लोग अपने जीवन में महान लक्ष्यों की प्राप्ति का उद्देश्य लेकर जीते है लेकिन श्रीमती झंवर एक ऐसी शख्शियत हैं जो 'सादा जीवन और उच्च विचार' के साथ जीने में विश्वास रखती है। उनके जीवन की 'सादगी, विनम्रता और मन की उदारता' उन्हें उस ऊँचाई की ओर ले जा रही है जहाँ उनके संस्कार भी उनकी सहायता कर रहे है। शिक्षा जगत में यशस्विता की नई कहानी लिखने वाली बुलडाणा अर्बन चॅरिटेबल सोसायटी, बुलडाणा की अध्यक्षा श्रीमती झंवर की जिंदगी परिश्रम की अद्भुत कहानी है।



## बचपन से मिले सेवा के संस्कार

श्रीमती झंवर का जन्म 12 मार्च 1979 में बुलढाणा (महाराष्ट्र) में श्री राधेश्याम चांडक के यहां हुआ। 23 जनवरी 2003 को डॉ. सुकेश झंवर के साथ विवाह बंधन में बंध गई। विज्ञान एवं कम्प्यूटर टेक्नॉलॉजी में पारंगत हो उन्होंने स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। सन 1998 में जब सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा (अंग्रेजी माध्यम) की आधारशिला रखी गई तब वे अपनी शिक्षा पूर्ण करने में व्यस्त थी, लेकिन शिक्षा के प्रति प्रेम और लगाव ने उन्हें बैचेन कर दिया। उन्होनें ठान लिया कि वे शिक्षा क्षेत्र में ही कार्य करेंगी। उनके दादाजी स्व. श्री देवकिसन चांडक ने भी डोंगरखंडाला गाँव में श्री संभाजी राजे शिक्षण संस्था नाम से स्कूल शुरु किया था, जिसके वर्तमान अध्यक्ष पिता श्री चांडक हैं। उनके दादाजी ने बचपन से उन्हें 'सभी को मिले शिक्षा' विशेष तौर पर ग्रामीण इलाको में शिक्षा का महत्व बढ़े इस ओर प्रेरित किया। फलतः अपनी स्नातक शिक्षा पूर्ण कर वे नवोदित सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा में अध्यापिका के पद पर नियुक्त हुई और बहुत ही कम आयु में अध्यापन करते हुए बालमन की एवं अध्यापको की मानसिकता से अवगत होती गई।

## विवाह के बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी

विवाह पश्चात बेटी, बहू, पत्नी और माँ की जिम्मेदारियों का वहन करते हुए उन्होनें बुलडाणा अर्बन चॅरिटेबल सोसायटी, बुलढाणा की अध्यक्षा का पदभार संभाला और बुलढाणा जिले में सहकार विद्या मंदिर स्कूल का 22 शाखाओं में विस्तार किया जहाँ 32,000 विद्यार्थी (ग्रामीण भाग) शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पीछे मुड़ कर यदि इसका अवलोकन करे तो यह कोई साधारण कार्य नहीं है। सहकार विद्या मंदिर को विस्तारित करने में उनकी लगन, परिश्रम, शिक्षा, ध्येय, दिनरात की



मेहनत शामिल है। शिक्षा क्षेत्र में ध्येय पूर्ति के मार्ग में पिता श्री चांडक और पति डॉ. झंवर का उन्हें पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। शिक्षा क्षेत्र के साथ ही वे बैकिंग क्षेत्र का भी ज्ञान रखती हैं। बुलढाणा अर्बन को-ऑप. सोसायटी एवं 'जिजामाता महिला नागरिक सहकारी बँक' का भी उन्होंने अध्यक्षा का पद सम्भाला। श्रीमती झंवर एक सामाजिक कार्यकर्ता एवं संवेदनशील व्यक्तित्व की धनी है। समाज ऋण को अदा करने हेतु बुलढाणा अर्बन गरबा फेस्टिवल एवं गणेश महोत्सव का प्रतिवर्ष आयोजन उनके मार्गदर्शन में किया जाता है जिसमें वे स्वयं पूरी इच्छा उमंग से उपस्थित होती हैं। युवाओं और बालकों के लिए नृत्य/खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जाती हैं। प्रत्येक युवा और बालक प्रतिभा संपन्न बने और उज्जवल भविष्य की राह चुनें यही उनकी मंशा है।

## सहकार विद्या मंदिर में आधुनिकतम शिक्षा

सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा एवं उसकी शाखाओं में नवीनतम् आधुनिक शिक्षा प्रणाली को कार्यान्वित करने में वे हरपल कटिबद्ध हैं। शिक्षा के इस परिसर में आज उन्होनें उन सारी सुविधाएँ और सामग्री को उपलब्ध कर दिया है जो अब तक केवल महानगरों में ही हैं। 35 एकड़ की जमीन पर विस्तारित सहकार विद्या मंदिर व जूनियर कॉलेज पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम के अंतर्गत कक्षा 1 से 10 वीं एवं 11 वीं तथा 12 वीं कॉमर्स विभाग एवं विज्ञान विभाग (MAHARASHTRA BOARD & CBSE SYLLABUS) से विद्यार्थी शिक्षा से लाभान्वित हो रहे है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त अनेक विद्यार्थी उच्च पदो पर अधिकारी, डॉक्टर, व्यवसायी, इंजीनियर आदि के रूप में देश सेवा में अपनी भूमिका निभा रहे है। यह श्रीमती झंवर के अनेक वर्षो के परिश्रम की तपस्या का ही फल है । कक्षा 11 वीं और 12 वी में आरंभ किए JEE, NEET, CET एवं NDA के विशेष अध्यापन वर्गो से विद्यार्थी उच्चशिक्षित हो रहे हैं। इसी वर्ष महाविद्यालय में कॉमर्स विभाग में CA/CS/CMA का अभ्यासक्रम भी आरंभ कर दिया गया है।

## खेलों के लिये भी उत्कृष्ट व्यवस्था

विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने का काम खेल करते हैं। शिक्षा क्षेत्र के साथ-साथ विद्यार्थियों में खेल के प्रति भी रुचि अधिक होती है। इसी रुचि को ध्यान में रखते हुए उन्होनें शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को खेल के प्रति भी प्रोत्साहित किया। परिणाम यह है कि सहकार विद्या मंदिर के अनेक विद्यार्थी स्कूल के आरंभ से अभी तक हॉकी, क्रिकेट, बॉस्केटबॉल, स्केटिंग, मलखंब, एथलेटिक्स, स्वीमिंग, जिम्नास्टिक, फुटबॉल, हँडबॉल, चेस, कैरम, बैडमिंटन, बैंड इत्यादि विभिन्न प्रकार के आऊटडोर एवं इनडोर खेलो में राष्ट्रीय, राज्य, विभागीय स्तर एवं अंतर्शालेय खेलो में कीर्तिमान प्राप्त कर चुके हैं और कर रहे हैं। इन सबकी गवाही देते हैं, सहकार विद्या मंदिर के खेल के मैदान । सहकार विद्या मंदिर के खेल मैदान पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएँ रखी जाती हैं। चीते की तरह दौडते खिलाड़ी देख सभी की





आँखे फटी की फटी रह जाती हैं। खेलो के लिए आवश्यक एवं पर्याप्त खेल सुविधा से युक्त हैं ये खेल के मैदान। भविष्य में सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा में सभी खेलो के लिए एक आधुनिक शैली में सुविधा युक्त तीन-चार मंजिल का क्रीडा संकुल बनाने का भी उन्होनें संकल्प (मनसूबा) लिया है। हर प्रकार के खेल का प्रशिक्षण निपुण प्रशिक्षको द्वारा दिया जाता है। समय की दौड़ में जो खेल पीछे छूट गए है जैसे गिल्ली-डंडा, भौंरा, रस्सी के खेल आदि से भी विद्यार्थियों को परिचित करवाने का श्रेय श्रीमती झंवर को है। खेल क्षेत्र में यह एक संस्कृति संवर्धन का प्रशंसनीय कार्य सहकार विद्या मंदिर द्वारा किया जा रहा है। उनका कहना है कि खेल, केवल शारीरिक समृद्धता ही नहीं बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। खेलों से विद्यार्थी खेल संस्कार के तहत समानता, एकता, मेल-जोल, राष्ट्रप्रेम, स्नेह, एक-दूसरे की सहायता, समूह महत्व इत्यादि गुणों को अपनाते हैं और ये गुण विद्यार्थियों के लिए अच्छा खिलाड़ी, अच्छा नागरिक और सुदृढ़ राष्ट्र निर्माण में सहायक हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को वे महत्व देती हैं। अध्ययन की कक्षा हो या खेल का मैदान वे स्वयं प्रत्येक विद्यार्थी से संवाद करती हैं और विद्यार्थियों की योग्य जरुरतों का ध्यान रखती हैं। वर्तमान में खेल क्षेत्र में सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा एवं उसकी शाखाओं में प्रशिक्षण लेते हुए विद्यार्थी भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का एवं स्वयं का नाम रोशन अवश्य करेंगे इसमें कोई शक नहीं। समय ही इस सुनहरे पल का साक्षी बनेगा।

## अवकाश के दौरान भी विशेष आयोजन

संपूर्ण वर्ष विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के लिए खेल के मैदानों पर प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध है परंतु ग्रीष्म अवकाश में सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा का खेल मैदान व स्कूल बाह्य विद्यार्थियों के लिए भी खुला रहता है। ग्रीष्म अवकाश का सदुपयोग हो, इस हेतु विद्यार्थियों की आयु के अनुसार भी एक महीने का निवासी/अनिवासी खेल प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे विभिन्न आयु के विद्यार्थियों में खेल रुचि जागृत होती है। सहकार विद्या मंदिर, बुलढाणा विद्यार्थियों की शारीरिक स्वस्थता को महत्व देता है। अतः प्रतिवर्ष ग्रीष्म अवकाश (अप्रैल-मई) में निवासी 'कामयाब कँप' का आयोजन 20-25 दिनों का किया जाता है। इस वर्ष 2023 में भी इसका आयोजन 1 मई 2023 - 17 मई 2023 तक किया गया। विभिन्न प्रकार के खेल एवं आधुनिक नृत्य शैली प्रशिक्षण भी इसका आकर्षण है। साथ ही स्वस्थ जीवन हेतु योगसाधना, मिलट्री ट्रेनिंग, संस्कृत गीत, श्लोक, आध्यात्म, ईश्वर प्रेम, आपसी सुसंवाद, अन्न एवं जल के महत्व का ज्ञान दिया जाता है। संक्षिप्त में प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन की मजबूत आधारशिला एवं सुयोग्य पथ की दिशा देने का कार्य तथा एक आदर्श नागरिक बनकर, समृद्ध राष्ट्र निर्माण का कार्य करने में श्रीमती झंवर के मार्गदर्शन में सहकार विद्या मंदिर हर क्षण तत्पर है और इसी तत्परता को कायम रखेगा।

## सभी के लिये संवेदनशीलता

व्यक्ति का जीवन वही नहीं है जो उसके बाहर से झलकता है। श्रीमती झंवर अपने पिता की तरह सुलझी हुई हैं। स्वभाव में नम्रता, दया, करुणा, सम्मान, आदर में पिता की तरह उनमें ये सभी गुण समाए हैं। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर परिस्थितिनुरूप कामकाज के दौरान कठोरता को भी अपनाना ही पड़ता है। सच्चाई भी यही है व्यक्ति हो या संस्था अनुशासन अपनी विशेष पहचान बनाने के लिए आवश्यक है। पिता श्री चांडक द्वारा केवल 12,000 रुपये पूंजी और 72 सदस्यों के साथ आरंभ किए बुलढाणा अर्बन को-ऑप. सोसायटी को वटवृक्ष का रूप दिया गया। अपने पिता के भव्य गौरव का स्वप्न साकार करने में उनका परिश्रम प्रशंसनीय है। भारत की तथा एशिया में प्रथम को-ऑप. संस्था का दर्जा प्राप्ति में पिता-पुत्री-पति का पूर्ण समर्पण भाव दृष्टिगोचर होते है। किसी भी सफलता का शिखर संघर्ष के रास्तों से ही गुजरता है, लेकिन यही संघर्ष, रुकावटें, कठिनाई, विनम्रता की सफलता को और भी मजबूत बनाते हैं। यही मजबूती श्रीमती झंवर के मुख की मुस्कान बताती है। हर परिस्थिति मुस्कान संस्था के कर्मचारियों और अध्यापको को भी सदैव 'बढ़े चलो' की प्रेरणा देती है । यही सफलता की कहानी आज बुलढाणा अर्बन एवं सहकार विद्या मंदिर की मुखरित विनम्रता से भरी सफलता की गूंज चारो ओर फैलती हुई बताती है।



# Delhi Rajasthan Transport Co. Ltd.

DRTC
(An ISO 9001 : 2015 Certified Company)

Regd.Office : DRTC House, Behind Olympic Complex, Jodhpur-342001
Phone : 0291-2633673, 2633674
E-mail : jodhpur@drtcindia.com • Website : www.drtcindia.com

**JODHPUR (Booking & Delivery Office)** : F-670, Transport Nagar, Basni 2nd Phase
Phone : 0291-2633672, 2633675
Mobile : 98291-12119, 99295-82119

## REGIONAL OFFICES

**✦ AHMEDABAD**
No.2/A Raipur Co.op.Hsg. Ltd.
Opp. Diwan Ballubhai School
Kankaria Road
Tel.: 079-25467622 Mobile: 99099-46326
E-mail : ahmedabad@drtcindia.com

**✦ BANGALORE**
No. C/341, 3rd Floor, 1st Main
6th Cross, 1st Stage
Peeniya Industrial Area
Mobile : 9742844119, 9343044739
E-mail : bangalore@drtcindia.com

**✦ JAIPUR**
42, Madhobihari Mandir,
Sansar Chandra Road
Tel. : 0141-2370784, 2363828
Mobile : 98292-50119
E-Mail : jaipur@drtcindia.com

**✦ LUDHIANA**
2903/1, Near Telephone Exchange
Transport Nagar
Tel.: 0161-5086183, 4626183
Mobile : 98147-13119
E-mail : ludhiana@drtcindia.com

**✦ SECUNDERABAD**
101, 1st Floor
Suryakiran Complex, S.D. Road
Tel. : 040-69993119, 65152119
Mobile : 98852-82119
E-mail : Secunderabad@drtcindia.com

**✦ AMRITSAR**
164-165, O/s Ghee Mandi
Bali Singh Bhagwan Singh Road
Tel.: 0183-2702071, 3257294
Mobile : 98146-67119
E-mail : amritsar@drtcindia.com

**✦ ERODE**
Door No. 210, Park Road
Karungalpalayam Post
Tel. : 0424-2211836, 2224250
Mobile : 94430-39119
E-mail : erode@drtcindia.com


**✦ KARNAL**
Corner of Sector-3,
Namestay Chowk, G.T. Road
Tel.: 0184-2220098
Mobile : 98963-57119
E-mail : karnal@drtcindia.com

**✦ MUMBAI**
1206, 12th Floor, Ambience Court
Sector - 19/D, Vashi, Navi Mumbai
Tel.: 022-41291800, 41291808
Mobile : 9819857119, 9819887119
Email : mumbai@drtcindia.com

**✦ SURAT**
1587, Near Vitthal Dyeing
Umerwadi, Tekara
Tel. : 0261-2355036, 2323484
Mobile : 93770-66023
E-mail : surat@drtcindia.com

***Regular parcel service from & to for all the destinations of***

**RAJASTHAN, GUJARAT, HARYANA, MAHARASTRA, JAMMU & KASHMIR, PUNJAB, TAMIL NADU HIMACHAL PRADESH, ANDHRA PRADESH & TELANGANA, KARNATAKA, UTTAR PRADESH**



**रोज स्कूल जाते समय मैं कलुवा को पेड़ के नीचे कटोरे में हाथ डाले भोजन करते हुए देखता। भाजी से सने उसके हाथ दूर से ही दिख जाते। सबका तिरस्कृत भोजन उसके व्यंजन होते, सबकी उतार उसका श्रृंगार होता। खाना खाते-खाते वह अद्भुत आनन्द से भर जाता मानो जनम-जनम के भूखे को भोजन मिला हो। जिस बासी खाने को चखना भी हमारे लिए असंभव होता वही उसकी आँतों को तर कर देता। मनुष्य की क्षमताएँ अपरिमित हैं, शायद हमारे कष्ट पाने की क्षमताएँ भी अपरिमित हैं। मनुष्य की जिजीविषा एवं जीवट अदम्य है।**

# तृप्ति






हरिप्रकाश राठी
जोधपुर
94141-32483


आकाश का पूर्वी छोर प्रभात की नवरश्मियों से रंजित हो चुका था। कलियों ने सूर्यदेव के दर्शन हेतु घूंघट उठाए तो नवकिरणों का स्पर्श पाकर उनके चेहरे पर बिखरी बूंदें कुदरत के मोतियों की तरह चमक उठी।

गर्मी में दिन कुछ जल्दी उग आता है। लोग भले सूर्य को उतावला कहे पर सूर्यदेव इन दिनों लंबे सफर की मजबूरी जानते हैं।

दिन तो सदैव सूर्य के उदय होने से ही होता है पर मेरी याददाश्त में सूर्योदय का अर्थ कलुवा के उस गीत से है जिसे मैं सुबह-सुबह चादर में दुबके हुए सुनता था। इकतारे पर बजते कलुवे के गीत में कितना मर्म, कितनी वेदना, कितना संदेश छुपा होता था। उसके स्वर एवं सुरों की पकड़ देखते बनती थी।

कानों को सुख एवं मन को ब्रह्मानंद में डुबा देने वाली उस अलौकिक आवाज को मैं आज तक नहीं भुला पाया।

मोहमाया ने छोड़ क्रोध ने तज रे,
थारी उमर बीती जाय राम ने भज रे।
थने आंख्यां सूझे नाहीं कान गया रुद रे,
थारा गोडा चाले नाहीं कमर गई लुल रे
मोह माया ने....

मैं जागकर भी लेटा रहता। इस गीत को पूरा सुनकर ही मुँह से चादर हटाता। आँगन पर बिछी खाट से आसमान साफ नजर आता। कई देर तक बादलों को बनते-बिगड़ते देखता रहता। उनके घटते-बढ़ते आकारों में ही परमतत्त्व के मंगल-दर्शन हो जाते। कभी निराकार साकार हो उठता तो कभी साकार निराकार हो जाता। परमेश्वर के दोनों रूपों के दर्शन एक साथ हो जाते। सुबह की हल्की ठण्ड, चिड़ियों का गाना, खुशबू भरी हवा के झौंके मन को स्फूर्ति एवं शरीर को ताज़गी से भर देते।

गीत गाते-गाते कलुवा सबके घरों के आगे से निकलता। औरतें अलसायी अपने घरों से बाहर आती एवं उसके कटोरे में सूखी-बासी रोटी, भाजी आदि रख देती। कलुवा कटोरी को अपने सर तक ले जाता, सहज ही उसके मुँह से दुआ निकलती..'तेरे घर लक्ष्मी आए माँ! तेरे बच्चे सुखी रहे! सदा सुहागन रहे. आदि-आदि'। एकाध घर से पुरुष भी निकलते। कलुवा उन्हें भी दुआ देता 'तुम्हारा कारोबार फले-फूले बाबूजी!' उपकृत कलुवा और दे ही क्या सकता था। कभी-कभी कोई खिड़की खोलकर झिड़क भी देता 'सुबह-सुबह क्यों गला फाड़ रहा है, रोज नींद खराब कर देता है.. दफा हो जा!' कलुवा चुपचाप आगे सरक लेता। करता भी क्या, भिखारी का गुस्सा अपनी जान पर। भिखारी में सहिष्णुता उत्कर्ष को छू जाती है। निर्धनता अहंकार को निर्मूल करती है, अहंकार शून्यता से विनय उत्पन्न होता है। सहिष्णुता का गुण सीखने के लिए भिखारी से बड़ा गुरू कौन होगा?

वह मेरे बचपन की बात थी। कलुवा को मैं रोज नीम के पेड़ के नीचे बैठा देखता। नीम का पेड़ मेरे घर के ठीक सामने पचास कदम पर था। पेड़ के नीचे चारों और एक छोटा चबूतरा था, यही उसका आशियाना था। यही कलुवा की काशी थी।

वह अब अधेड़ उम्र का था। गहरा काला रंग, पसलियों-सा शरीर, धँसी हुई आँखें एवं पिचके गाल जो उसकी घनी लम्बी दाढ़ी के नीचे नजर नहीं आते थे। दाढ़ी उसकी ठोड़ी के पास दो भागों में बँटकर दोनों कानों की ओर जाती और वहाँ सर से लटकते हुए लम्बे बालों से मिल जाती। हाँ, उसका नाक तीखा था एवं मुँह में सफेद दंतपंक्ति मोतियों-सी चमकती। अच्छा लम्बा था पर पतला होने से और लम्बा लगता। कमर के नीचे तार-तार धोती, ऊपर अनगिनत पैबन्द लगा अंगरखा एवं सर पर सफेद पगड़ी जो बुरी तरह से फटी होने के कारण यहाँ-वहाँ लटकती हुई दिखती। वह साक्षात् विपन्नता का कंकाल लगता। माँ ने एक बार बताया था कि उसका असली नाम कालीचरण है पर कर्म अगर भीख मांगने का हो तो कालीचरण कलुवा हो ही जाता है। हाँ, सौभाग्य से अगर धनी होता तो उसका नाम अवश्य ही श्री कालीचरणजी अनाज वाले या ऐसा ही कुछ होता। कलुवा के पास था ही क्या? एक लाठी जिसे टिकाकर वह चलता था, एक गन्दी-सी पैबन्दों से भरी रजाई एवं एक मिट्टी का तवा। कभी-कभी लोग उसे कटोरी भर आटा दे देते। तब इसी तवे में वह आटा गूंथता एवं लोई को एक तरफ रखकर इसी तवे को आग पर चढ़ा देता। आग जलाने की पतली सूखी लकड़ियाँ वह इधर-उधर से बटोर लाता। हथेलियों से थापकर रोटी को इसी तवे पर सेक लेता। बाद में इसी तवे में रोटी-भाजी मिलाकर खा लेता। अपरिग्रह की इससे बड़ी मिसाल और क्या हो सकती है। इसीलिए पेट भरा हो या खाली हमेशा मीठी

नींद सोता। दिन भर घूमते-घूमते थक जाता, निर्लिप्त देह निर्वाण-सी नींद सो जाती। धरती बिछौना एवं आसमान चादर बन जाए तभी प्रकृति की लोरियाँ सुनाई देती हैं।

गाँव में मेरे घर के साथ ही पंक्तिबद्ध और कई घर थे। सामने नीम का पेड़ एवं उसके पीछे पसरे खेत। बसंत में जब फसलें लहलहाती तो बड़ा मनभावन दृश्य होता। दूर-दूर तक फैली पीली सरसों गांव को स्वर्ग बना देती। हमारे घर के आस-पास सभी घर पक्के थे। सभी घर एक-से थे, आगे खाट लगी होती, जिन्हें हम गर्मियों की रातों में सोते वक्त बीच खुले आँगन में खींच लेते। उसके पीछे रसोई, कमरे एवं सामान रखने के स्टोर। हमारे आस-पास सभी छतों पर मिट्टी के खपरैल थे। सभी के अपने खेत थे, गुजर-बसर करने लायक फसल हो जाती थी। शहर वालों की नजरों में हम भी गरीब ही कहलाते थे पर गाँव में तो गरीबों का भी वर्ग विभाजन है। एक गरीब एवं दूसरे दरिद्र जिसमें मजदूर, खेतीहर आते थे। वे खेतों के पार बने छोटे-छोटे झोपड़ों में रहते थे। ये दरिद्र हमें धनी समझते थे।

रोज स्कूल जाते समय मैं कलुवा को पेड़ के नीचे कटोरे में हाथ डाले भोजन करते हुए देखता। भाजी से सने उसके हाथ दूर से ही दिख जाते। सबका तिरस्कृत भोजन उसके व्यंजन होते, सबकी उतार उसका शृंगार होता। खाना खाते-खाते वह अद्भुत आनन्द से भर जाता मानो जनम-जनम के भूखे को भोजन मिला हो। जिस बासी खाने को चखना भी हमारे लिए असंभव होता वही उसकी आँतों को तर कर देता। मनुष्य की क्षमताएँ अपरिमित हैं, शायद हमारे कष्ट पाने की क्षमताएँ भी अपरिमित हैं। मनुष्य की जिजीविषा एवं जीवट अदम्य है।

कलुवा के बारे में गाँव में कम लोगों को ही खबर थी। भला भिखारी का इतिहास जानने की किसको पड़ी है। इतिहास तो उपलब्ध, सत्तासीन अथवा अमीरों का लिखा जाता है। यूँ भिखारियों का इतिहास लिखा जाए तो कागज कम पड़ जाएंगे। आखिर इस गरीबी का जनक कौन है? कुछ लोग गरीबी का मूल कारण अकर्मण्यता बताते हैं पर जब कलुवा जैसे बच्चे बचपन से ही भिखारी बन जाते हैं तो इसमें उनका क्या दोष। इसमें सरकार एवं समाज का भी दोष नहीं है। वे भी किस-किस को देखें। इसका मूल कारण है अमीर एवं तृप्त लोगों की उदासीनता जो किसी गरीब की भूख का अहसास ही नहीं करती।

एक बार जिद करके मैंने कलुवा के बारे में पूछा तो माँ ने बताया कि उसके माँ-बाप का अता-पता तक नहीं है। गाँव में बहती नदी के साथ आया था, वहीं खड़े एक भिखारी ने इसे बचाया। कुछ वर्ष उसके साथ रहा, बाद में वह भी मर गया। तब से भीख मांग कर ही गुजारा कर रहा है। एक बार तो तेज बुखार में इसके हाथ पाँव हिलना बन्द हो गए थे, गाँव वालों ने इस पर चादर डाल दी पर यह पाँच-सात मिनट बाद फिर हिलने लगा। बाद में ठीक भी हो गया। आफत के मारों की ईश्वर ही रक्षा करता है। तब से यहीं पड़ा रहता है।

कलुवा की जवानी के किस्से भी गाँव वाले चटकारे लेकर सुनाते हैं। तब गाँव के सुथार की लड़की शादी के मात्र एक वर्ष बाद विधवा हो गई थी। कहते है कलुवा का टाँका इसी से भिड़ गया। तब कलुवा की सूखी पसलियों में एक नया रक्त-संचार हुआ था। चेहरा एक नई आभा से खिल उठा था। कलुवा भीख मांगने अक्सर उसके घर जाता एवं घण्टों वहाँ बैठा रहता। पड़ौस में रहने वाले मोहन को कुछ दाल में काला लगा। मोहन बत्तीस वर्ष का कुंवारा था, पूरा लफंगा था। गाँव में कोई लड़की उसे घास नहीं डालती थी। भिखारी को प्रेम की पींगे बढ़ाते देख उसके तन-बदन में आग लग गई। उसका यौवन उसे धिक्कारने लगा। पंचो को शिकायत हुई। भरे चौपाल में खड़े होकर मोहन ने कहा था, 'यह गाँव की इज्जत का सवाल है। यह कैसा भिखारी है जो हमारी खाकर हमारी ही थाली में छेद कर रहा है। तब पंचों ने दोनों को कड़ी हिदायत दी थी। मोहन ने शायद ठीक ही कहा था। जीवन में अगर कुछ क्षण के लिए भी सच्चा स्त्री-प्रेम मिल जाए तो फिर वो भिखारी कैसा?

बहुत पहले गाँव में पण्डित के यहाँ चोरी हुई तब पुलिस ने इसे पकड़कर खूब पीटा था। कलुवा पशु की तरह आर्त स्वर में कराह उठा। बाद में असली चोर पकड़े गए तो बेचारे की जान छूटी। तब मुझे पुलिस वालों पर बहुत गुस्सा आया था। उस दिन मैं खुद उसे रोटी देने गया। रोते हुए काँपते हाथों से उसने रोटी ली थी। अपने असम्मान से आहत कलुवा ने दूसरे दिन सभी भिखारियों को इकट्ठा कर विद्रोह भी किया था। उसकी आँखों से चिंगारियाँ बरस रही थी। दिल में नश्तर चुभे थे। गाँव में भिखारियों की यूनियन बनने की भी बात फैली थी पर रात पण्डित ने चार पाँच भिखारियों की मुट्ठी गरम कर दी एवं उनके साथियों को ठर्रा पिलाया। दूसरी दिन यही भिखारी कलुवा की जान के दुश्मन बन गए। कलुवा की अच्छी फ़ज़ीहत हुई। वह लहू का घूँट पीकर रह गया।

इस बात को भी अब कई वर्ष हुए। अब तो कलुवा भी बूढ़ा होने को आया। चेहरे पर झुर्रियाँ पड़ गई, देह ढल गई, बाल पक गए। मेरी नौकरी लगे भी आठ वर्ष होने को आए। आठ वर्ष पहले शायद कलुवा की दुआओं से ही मैं पुलिस महकमे में सब-इंसपेक्टर नियुक्त हुआ था। तैनाती अक्सर शहरों में होती पर जब भी गाँव आता, माँ से कलुवा की जानकारी जरूर लेता।

पूरे गाँव में कलुवा पर रहम आता तो सेठ गिरधारी को। वह गाँव का सबसे बड़ा रईस था। सबसे ज्यादा जमीन उसी के पास थी, बस बोतल की ऐब थी। उसकी घरवाली उसके पीछे डण्डा लेकर पड़ी रहती, एक बार तो भरे मौहल्ले में उसे पीटा भी पर गिरधारी ने शराब से बेवफाई नहीं की। रोज देर रात शराब पीकर नीम के पेड़ के पास से निकलता, कभी-कभी पर्स में से दस रुपये तक निकालकर कलुवा को दे देता। उसकी घरवाली दूर से ही देख लेती, दूसरे दिन ही उससे छीनकर ले जाती। कलुवा ने यह बात गिरधारी को कभी नहीं बताई। कभी-कभी जब नशा सर चढ़ जाता तो गिरधारी उसके पास ही चबूतरे पर सो जाता। दो महीने बाद बेटी की शादी होनी थी पर ससुरे को चिंता कहाँ थी। बाप धन की गठरी छोड़कर जो मरा था।

गिरधारी की बेटी की शादी को अब मात्र दस दिन शेष थे फिर भी मुआ आज शराब पीकर चबूतरे पर आकर बैठ गया। कलुवा उसे देखते ही उठा और हाथ जोड़कर खड़ा हो गया, 'सरकार! अब तो बिटिया के ब्याह के दिन अंगुलियों पर रह गए हैं, अब तो पीना बन्द कर दो।' गिरधारी ने उस दिन कलुवा की आँखों में आँखें डालकर उसके कन्धे पर हाथ रखा, 'कलुवा! राज की बात बताऊँ! घर वाली बेईमान है..साली का पति मैं हूँ पर प्रेम पिछवाड़े के मास्टर से करती है। अब तू ही बता मैं पीऊँ नहीं तो क्या करूँ। कलुवा! इन्सान अपनी परछाई को पकड़ सकता है पर औरत की चाल को नहीं।' कलुवा हाथ जोड़े चुपचाप सुन रहा था। मन की भड़ास निकालकर गिरधारी चार कदम आगे बढ़ा होगा कि उसको अपनी गलती का अहसास हुआ। नशे में भिखारी को सारा राज बता दिया, कल गाँव में बात फैल गई तो।

थोड़ी देर बाद कुछ सोचकर वह वापस आया और कलुवा की आँखों में घूर कर बोला, 'किसी को भी यह बात बताई तो समझ ले जुबान खींच लूँगा।' कलुवा ने काँपते हुए उत्तर दिया, 'नहीं सरकार!' गिरधारी ने राहत भरी आँखों से देखा, 'शाबास कलुवा!', बाद में न जाने क्या सोचकर उसने थैले में से बिटिया के ब्याह का एक कार्ड निकाला, पैन से उस पर कलुवा लिखा और उसके हाथ में पकड़ाते हुए कहा, 'कलुवा! बिटिया की शादी में जरूर आना।' कार्ड हाथ में लेते-लेते कलुवा के पाँव काँप गए, शरीर शिथिल हो गया, आँखों में आँसू भर आए। वह एक अद्भुत रोमांच से भर उठा।

यह कलुवा के जीवन का पहला निमंत्रण था। पाँव जमीन पर न पड़ते थे। गाँव भर के भिखारियों को उसने घूम-घूम कर यह कार्ड बताया। एक भिखारी कुछ पढ़ लेता था, कलुवा ने उससे कार्ड चार बार पढ़ाया। यह उसके जीवन का सबसे रोमांचक समय था। पतझड़ में मानो बहार आ गई। पहले उसकी आँखों में कभी इतना नशा, चाल में इतनी चपलता, ह्रदय में इतना कंपन नहीं देखा गया। कलुवा एक अद्भुत स्वर्गीय सुख से नहा गया। आनन्द के घोड़े पर बैठकर वह एक अद्भुत कल्पना लोक में खो गया। इतने बड़े आदमी के भोज में शामिल होने की कल्पना ही उसके नस-नस में रस घोलने लगती। कार्ड को सीने से लगाए मन की मिठाई में मगन रहता। लोग जब उसे उस दिन बनने वाले व्यंजनों के नाम बताते तो उसकी भौंहें थिरक उठती, मन में कोयल कूकने लगती। अब उसे अपने कपड़ों की सुध आई पर इसका बंदोबस्त भी उसने गाँव के धोबी को पाँच रुपये देकर कर लिया।

गाँव की स्कूल के खुले प्रांगण में गिरधारी की बिटिया के ब्याह का भव्य पण्डाल सजा था। शहर से टेन्ट मंगवाया गया था। गिरधारी ने दिल खोलकर खर्च किया। इस शादी में मैं भी शहर से अवकाश लेकर आया।

पण्डाल देखते ही बनता था। खुले पण्डाल में पूर्ण चन्द्र की मनमोहक चाँदनी छिटकी हुई थी। हल्का मधुर संगीत वातावरण को और रसमय बना रहा था। आस पास के चौबीस गाँवों के महाजन एवं पंच इस शादी में आए थे। पण्डाल में मैंने दूर खड़े कलुवा को देखा तो दंग रह गया। चोर आँखों से वह इधर-उधर देख रहा था। मन में अब भी डर था कि गिरधारी उसे निकाल न दे। आज मैंने उसे पहली बार पेन्ट-शर्ट में देखा। खूब जम रहा था। पहली बार तो देखने वाला कोई भी व्यक्ति आज उसे भिखारी नहीं मानता। विनोदवश मेरी उससे मिलने की इच्छा भी हुई पर इसी दरम्यान किसी पुराने मित्र ने पुकारा तो मैं उसके साथ हो लिया हालांकि जब-तब मैं कलुवा को देखता रहा।

अब तक खाने की प्लेट पकड़े कलुवा एक-एक चीज को देख रहा था। ओह! कितना लज़ीज़ खाना था। बादाम का हलुवा, देशी घी में तली पूरियाँ, पनीर की सब्जी, दूध-जलेबी, कचोरी और न जाने क्या-क्या। मन करे उतना खाओ। कलुवा ने एक-एक चीज को कई बार लिया। आज जीवन में पहली बार उसने इतना लज़ीज़ खाना पेट भरकर खाया। अब उसे लगा अब तक उसने खाना खाया ही नहीं। आज वह पहली बार तृप्त हुआ।

दूसरी सुबह मेरी आँख भोर होने के पहले ही खुल गई। दोनों हथेलियों के नीचे सर को रखे मैं लेटे-लेटे खुले आसमान को तक रहा था। अप्रेल का महीना था, आसमान में बादलों का नाम तक नहीं था। एक-एक कर विलुप्त होते तारे जीवन की निस्सारता की कथा कह रहे थे। ऐसा लग रहा था मानो जीव अपनी-अपनी आयु पूर्ण कर निजधाम को जा रहे हों। सिर्फ भोर का तारा अब भी जिद पर अड़ा था। सारी रात अंधकार के आगोश में रहने के बाद जिसे कुछ पल का चमकना नसीब हुआ हो, वह यूँ कैसे जाए। पूर्वी क्षितिज से उदित होते सूर्य यमराज की तरह इस आखिरी तारे को भी काल कवलित करने पर आमदा थे। देखते-ही-देखते वह भी विलुप्त हो गया। झिंगुर इस दृश्य को देखकर स्तब्ध रह गए, पक्षी हाहाकार करने लगे। प्रकृति सजल आँखों से उसे नम विदाई दे रही थी। उसकी आँखों से गिरे आँसू पेड़-पौधे, पत्तियों पर भी बिखरे पड़े थे।

आज कलुवा का गीत नहीं सुनाई दिया तो मैं समझ गया कि रात खा-पीकर खर्राटें भर रहा होगा। थोड़ी देर बाद हाथ-मुँह धोकर बाहर आया तो देखकर हैरान रह गया। गाँव के लोग कन्धे पर गमछा डाले कलुवा के दाह संस्कार की तैयारी कर रहे थे।

भूख ने जिसे वर्षों जिंदा रखा तृप्ति ने एक रात की मोहलत भी नहीं दी।

With Best Compliments From

CA

G.B. LADDHA & CO LLP
Chartered Accountants

**Giriraj B.Laddha**
B.Com, FCA
Managing Partner
Mob:9687799199

**Office:**1-2,Second Floor,
Sahara Market,
Silvassa Road, Vapi - 396191.
Tel.: 08347744411/22/33.
**Email:** audit@gbladdha.com

# महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



## राजकुमार काल्या

### राष्ट्रीय अध्यक्ष

### अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन

संस्थापक ट्रस्टी – श्री बसन्तीलाल मनोरमादेवी काल्या
अ.भा. माहेश्वरी युवा फाउंडेशन
संस्थापक ट्रस्टी – शोर्य भवन जनोपयोगी सेवा केन्द्र, अयोध्या
संस्थापक ट्रस्टी – अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट
संस्थापक ट्रस्टी – श्री नाकोडा पार्श्वनाथ भैरव मन्दिर ट्रस्ट
संरक्षक ट्रस्टी – एबीएमएम माहेश्वरी रिलीफ फाउंडेशन
प्रबंधकारिणी सदस्य – श्री अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन

ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, कोटा
ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई
ट्रस्टी – बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केन्द्र
ट्रस्टी – श्री बांगड माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी
ट्रस्टी – श्री प्राज्ञ कुंदन वल्लभ हॉस्पिटल
ट्रस्टी – श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट

**Realistic**

*Life Time Satisfaction*

• Explosives • Real Estate • Mining • Finance • Agro Farming • Media • Water Park

Station Road, Gulabpura –311021, Distt. Bhilwara (Raj.) Ph. No. +91 1483 224203/04, rajkumarkalya@yahoo.com
Bhilwara office: 3, Heera-Panna Market, Pur Road, Bhilwara. 311001 (Raj.) Ph. No. 246004

**हमारे शरीर में 70 प्रतिशत जल होता है। शरीर में जल तथा अन्य तत्वों का संतुलन बनाए रखने के लिए इंद्र मुद्रा अति सहायक है। इस मुद्रा का हमारे स्वास्थ्य के लिये बड़ा महत्व है। तथा इसके अभ्यास से हम कई रोगों से बच सकते हैं।**

# चेहरे को चमकाती इन्द्र मुद्रा





**शिवनारायण मूंधड़ा**
'वास्तु मित्र'
94252-02721

**कैसे करें:** कनिष्ठ उंगली के अग्रभाग को अंगूठे के अग्रभाग से मिला दिया जाए और शेष तीनों उंगलियां सीधी ही रहें तो यह इन्द्र मुद्रा कहलाती है। योग शास्त्रों में प्रायः इसे वरुण मुद्रा के नाम से जाना भी जाता है।

**कब करें:** इस मुद्रा का प्रयोग दिन में 3 बार, 10-10 मिनट के लिये करें।

**लाभ**

- इस मुद्रा के सामान्य प्रयोग से त्वचा कोमल, मुलायम व स्निग्ध रहती है। चेहरे पर झुर्रियां नहीं पड़ती एवम् यौवन लम्बे समय तक बना रहता है।
- अनेक त्वचा रोग इस मुद्रा से ठीक होते हैं। जैसे कि दाद, खुजली, एग्जिमा, सोरायसिस इत्यादि।
- ग्रीष्म ऋतु में प्रायः अतिसार, डायरिया, पतले दस्त लग जाते हैं। इस स्थिति में इस मुद्रा को करने से चमत्कारी लाभ होता है। प्रत्येक बार शौच जाने के बाद इस मुद्रा को करते रहने से जल तत्व की कमी नहीं होती, शरीर में कमजोरी नहीं आती और शक्ति बनी रहती है।
- मूत्र रोगों में यह मुद्रा लगाएं, आराम मिलेगा।
- मधुमेह के रोग में भी पेशाब अधिक आता है, रात को कई बार पेशाब करना पड़ता है। इस मुद्रा को करने से इसमें आराम मिलेगा।
- तेज बुखार में प्यास बहुत लगती है, होंठ सूखने लगते हैं। ऐसे में यह मुद्रा लगाएं।
- बुखार में अथवा किसी अन्य कारण से यदि मुँह का स्वाद बिगड़ जाता है, तो उसे ठीक करने के लिए यह मुद्रा लगाएं।
- यदि आँखों में जलन हो, सूखापन हो तो यह मुद्रा लगाएं।
- उच्च रक्तचाप के कारण, मधुमेह के कारण, कोलेस्ट्रोल बढ़ जाने के कारण जब रक्त गाढ़ा हो जाता है, रक्त को सामान्य बनाने के लिये, रक्त की गुणवत्ता के लिये, खराब कोलेस्ट्रोल से बचने के लिये इस मुद्रा का प्रयोग करें।
- इस मुद्रा से रक्त संचार ठीक रहेगा, रक्त के रोग नहीं होंगे। रक्त प्रवाह की तरलता बनी रहेगी और रक्त द्वारा पूरे शरीर में आक्सीजन और प्राणों का संचार भली भांति होता रहेगा।
- ग्रीष्म ऋतु में इस मुद्रा को लगाने से विशेष लाभ प्राप्त होता है। हम अधिक प्यास से बचे रह सकते हैं, लू नहीं लगती, शीतलता मिलती है।
- गैस की समस्या में भी यह मुद्रा लाभदायक है।
- शरीर में जल की कमी से मांसपेशियों में अकड़न आ जाती है। उनमें ऐंठन एवं तनाव उत्पन्न होता है। यह मुद्रा मांसपेशियों को शिथिलता प्रदान करती है।
- फोड़े, फुंसियों, कील, मुहांसों में भी यह मुद्रा लाभकारी है। अम्ल पित्त के बढ़ जाने से होने वाले रोग शांत हो जाते हैं।
- यह मुद्रा स्वाधिष्ठान चक्र को जागृत करती है।

**सावधानी:** यदि किसी को ठण्ड लग रही है, सर्दी, जुखाम है, नाक व आँखों से पानी आ रहा है, बलगम है, साईनस में श्लेष्मा जमा हो गया है, तो इस मुद्रा को न करें।

*With Best Compliments From*

**Priyesh M Periwal**
B.Tech. (Mech.)
+91 98249 99666
priyeshperiwal@gmail.com

**Madanmohan Periwal**
B.Com (Hons.); A.C.A.
+91 98241 51296
pioneermmp@yahoo.com

**Harshvardhan M Periwal**
M.B.A. (Marketing)
+91 99040 60999
periwalharsh@gmail.com

**Rajasthan Polytex**
**PrivateLimited**

Office : 104, Shiv Textile Market, NR. Mahavir Market, Ring Road, Surat- 395002 Ph. : + 91 261 2322735
Factory : Plot No. D-41/16, Road No. 19, Hojiwala, Surat - 394315

# Think Lime, Think Sigma.

India's finest Lime Manufacturers

SIGMA MINERALS LIMITED



*Our Lime Solutions*

- Best-in-class Quick Lime
- Hydrated Lime
- Quick Lime Powder
- Conventional Quick Lime
- Crushed Limestone

**First ISO 9001 and the only ISO 14001 Hydrated Lime & Quick Lime manufacturing company in India.**

4, Heavy Industrial Area, Jodhpur - 342003(Raj.), India | info@sigmaminerals.com | +91 291 2740970 | 2741108

Visit us at :- www.sigmaminerals.com

*With Best Compliments From...*

VIDYA

**VIDYA WIRES PVT. LTD.**


(AN ISO 9001 :2015 Certified Company)



**Shyam Sundar Rathi**

excellence through experience

• Enamelled Copper Wires & Strips
• Paper Insulated Copper Conductors
( Mica / Nomex / Kraft / Crepe / Fibre Glass / Dauglass / Cotton / Polyester )
• MPCC - Connection Cables
• Bare Copper Wires
• Bunched & Stranded Copper Ropes / Earthing Cable
• Copper Tapes / PVC Copper Tapes



**DEALERS ENQUIRIES SOLICITED**

**Regd. Office & Factory**
123, G.I.D.C. Vithal Udyognagar,
Dist. Anand (Gujarat), INDIA
Ph.: +91 9228010700-09, +91 (2692) 236125.
Email: sales@vidyawire.com
www.vidyawire.com

**आज की युवा पीढ़ी सिर्फ और सिर्फ अपनी पारिवारिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों में उलझी रहती है, उसे समाज से कोई लेना-देना नहीं। समाज का नेतृत्व करने के लिए भी वह सामाजिक संगठनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा नहीं लेना चाहती। उसे लगता है कि समाज संगठन में समय देना सिर्फ समय की बर्बादी है। जबकि अब समाज के उम्रदराज कार्यकर्ता भी चाहते हैं कि नयी पीढ़ी सामने आए व संगठनों के कार्यों को समझे और जिम्मेदारियों को उठाये। युवा पीढ़ी का संगठनों से जुड़ना निश्चित ही समाज के लिए भी हितकारी होगा। युवाओं की नई सोच, उच्च शिक्षा और नए विचार समाज की प्रगति और विकास में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। सामाजिक संगठनों से जुड़कर अपने समाज बंधुओं से मिलना-जुलना युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए भी आवश्यक है। ऐसे में यह विचारणीय हो गया है कि युवाओं का सिर्फ अपने परिवार और दोस्तों में सिमटकर रह जाना उचित है या अनुचित? आइये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी सुमिता मूंदड़ा से उनके तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

# युवा पीढ़ी का सामाजिक संगठनों से जुड़ना
## उचित अथवा अनुचित?



### युवाओं का संगठन से अलगाव हानिकारक

जिस समाज में हम रहते हैं, अपने सुख-दुख बांटते हैं; हमें उन समाज बंधुओं और संगठनों से जुड़कर रहना चाहिए। आधुनिक भागदौड़ भरी जीवनशैली में अगर हम राष्ट्रीय सामाजिक संगठनों से ना भी जुड़ पाएं तो कम से कम स्थानीय संगठनों से तो जुड़े रहना ही चाहिए। समाज-बंधुओं के साथ हम अपनी खुशियां बांटकर बढ़ा सकते हैं। आड़े समय में अगर हमारा परिवार पास ना भी रहे तो स्थानीय समाज बंधु-बांधव हमारे साथ परिवार-सम खड़े रहते हैं। आपसी संपर्क से हम अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को हल कर सकते हैं। अपने बच्चों के वैवाहिक रिश्तों को जोड़ने और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में सामाजिक संगठन बंधुगण हितकारी होते हैं। हमारा सामाजिक संपर्क हमारे व्यापार-व्यवसाय में भी काम आता है। कभी-कभी तो स्थानीय संगठनों की सिफारिशों से हमारे अटके काम भी झटके में पूरे हो जाते हैं। संगठन में शक्ति होती है; अगर किसी समाज-बंधु के साथ कोई अन्याय या दुर्व्यवहार हो तो पूरा समाज अन्याय के खिलाफ एकाकार हो जाता है। कहीं-कहीं पर सामाजिक संगठन में होनेवाली राजनीति और मतभेद के कारण नवपीढ़ी सामाजिक संगठनों की अपेक्षा दोस्तों पर अधिक भरोसा करने लगी है। नवपीढ़ी को समाज से जोड़ने और संगठनों पर भरोसा बढ़ाने की दिशा में अनुभवी कार्यकर्ताओं को विचार करना चाहिए। नई पीढ़ी का सामाजिक संगठनों से जुड़ना संगठनों के लिए हितकारी होगा। नई सोच और नई विचारधारा के जुड़ने से सामाजिक सर्वांगीण विकास होगा। संगठन के अनुभवी कार्यकर्ताओं को निश्चिंत होकर युवावर्ग पर संगठन का कार्यभार सौंपना ही चाहिए। नए युवा कार्यकर्ता अब सामाजिक संगठनों की आवश्यकता भी हैं और मांग भी।

❒ **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव (नाशिक)

---



### उचित ही नहीं आवश्यक है

आज की युवा पीढ़ी का सामाजिक संगठनों से जुडना उचित ही नहीं अपितु आवश्यक है। युवा पीढ़ी को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि व्यक्ति की पहचान समाज से ही है। आज की युवा पीढ़ी भटकाव के मोड़ पर है और हमारी जनसँख्या का ग्राफ ढलान पर है। चिंतन आवश्यक है। ऐसे में अपने सामाजिक अस्तित्व की धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए सामाजिक संगठन से जुड़कर अपनी सामाजिक पहचान बरकरार रखना बहुत जरूरी है। सामाजिक संगठनों से जुड़कर ही हम समाज हित में कुछ कर सकते हैं। समयाभाव शायद युवा पीढ़ी की समस्या हो सकती है लेकिन जहां चाह वहां राह बन सकती है। अपनी काबिलियत अपने हुनर से हम समाज को लाभान्वित कर सकते हैं। संगठन से जुड़ना पद प्राप्ति का लक्ष्य नहीं होना चाहिए, संगठन से जुड़कर अपनी कार्य निष्ठा से अपनी पहचान स्वयं बनानी चाहिए। संगठन से जुड़कर ही हम अपनी समाज सेवा की भावना को मूर्त रूप दे सकते हैं व समाज के महत्व और समाज की आवश्यकता को समझ सकते हैं। युवा पीढी यदि माह मे एक दिन भी सद्भाव से संगठन को समर्पित करें तो यह समय समर्पण धन समर्पण से कहीं ऊपर है।

❒ **अयोध्या चौधरी**, अलीराजपुर

---



### समाज उन्नति में भी सहायक

हमारा अपने समाज बंधुओं से जुड़े रहना अति आवश्यक माना जाता है। हमेशा से मान्यता रही है हमारी पहचान भी समाज से जुड़े रहने पर बढ़ती है जो एक लंबे समय के लिए किए गए निवेश के समान है। लेकिन वर्तमान में सोच बदलती जा रही है। आज की पढ़ी-लिखी युवा पीढ़ी की दुनिया सिर्फ अपने परिवार और कार्यक्षेत्र के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। वे अपनी जीवनशैली में इतने उलझ गए हैं कि हमें अपने पड़ोसी के नाम काम की जानकारी भी नहीं होती है। सोशल मीडिया दोस्तों की सूची में बढ़ोतरी होना ही हमारे लिए स्टेटस की बात होती है, पर अपने ही जबकि समाज के लोगों के साथ उठना बैठना कोई मायने नहीं रखता। उन्हें यह सब उन्नति में बाधक लगते हैं। समाज में जाना आना उचित ही रहता है।

❒ **कुसुम कुईया**, ग्वालियर (म.प्र.)



## बहुत जरूरी है युवाओं का जुड़ाव

वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को सामाजिक संगठनों से जोड़ना बहुत जरूरी है। आज की युवा पीढ़ी अन्य क्षेत्रों के संगठनों से जुड़ेगी तभी समाज की वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं की जानकारी हासिल होगी और सामाजिक परिचय एवं विकास का दायरा बढ़ेगा एवं आगे बढ़ने का मौका भी मिलेगा। सामाजिक संगठन जैसे मारवाड़ी युवा मंच आदि से युवाओं का सर्वांगीण विकास भी होगा। उदाहरण के तौर पर-ओम जी बिड़ला एबीवीपी से जुड़ कर आगे बढ़े, बीजेपी में अपना स्थान बनाया और लोकसभा में पहुंचकर स्पीकर के पद पर पहुँचे। अतः हर युवा पीढ़ी को सीखना चाहिए, सामाजिक संगठनों से जुड़कर भी सुखद भविष्य बन सकता है और समाज व राष्ट्र को भी नई दिशा दे सकते हैं। युवाओं को अपने परिवार और दोस्तों में सिमट कर नहीं रहना चाहिए सामाजिक संगठनों से जुड़ कर देश को आगे बढ़ा कर भारत को विश्वगुरू बनाने का सपना साकार करने में अपना योगदान देना चाहिए।

❒ **तनसुख राय राठी**, गुवाहटी



## सामाज संगठन में भागीदारी सिर्फ उचित

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज में रहने वाले व्यक्ति को सामाजिक होना पड़ता है। सामाजिक संगठन भी इसी सामाजिकता की शाखा है। इसमें ''अनुचित'' का भाव क्यों? उचित अथवा अनुचित की तुलना उस काम के लिए की जाती है, जिसमें किसी तरह की कमी हो, संशय हो। संगठन तो समाज के समुदाय का ही रूप है। फिर इसमें अनुचित क्या? हम भी इस तरह के भाव से विश्लेषण कर युवाओं में शक पैदा कर रहे हैं। उचित अथवा अनुचित शब्द जोड़ने से किसी कार्य के प्रति शक पैदा करने जैसा होता है, जो सार्वभौमिक उचित तथ्य है, उसे और दृढ़ करने का प्रयास होना चाहिए। युवाओं को सामाजिक संगठनों की उनके भावी जीवन में उपयोगिता और औचित्य आदि विस्तार से समझाते हुए इससे जुड़े रहने के भाव को दृढ़ करना चाहिए। सामाजिक संगठन के साथ धार्मिक आयोजन में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इन्हीं भावों के विकास से समाज का विकास भी होगा। युवा पीढ़ी की नई सोच व नई टेक्नोलॉजी का समाज के कल्याणार्थ उपयोग होना चाहिए। युवा पीढ़ी को संगठन में उचित स्थान देकर उनके भावों को भी महत्व देना होगा और वर्तमान पीढ़ी अपने अनुभव को साझा कर एक नई सोच और रचनात्मक कार्यशैली की रूपरेखा तैयार करें। उन्हें उचित दर्जा देवे। मात्र दर्शक या अनुयायी नहीं समझें, तभी युवा वर्ग का उत्साह बढ़ेगा और युवा पीढ़ी उत्साहित होकर जुड़ी रहेगी, आनंदित होगी। युवा पीढ़ी को हमें यही समझाना है सामाजिक संगठनों में भागीदारी ''उचित, उचित और उचित'' है। इसमें अनुचित शब्द का कोई स्थान नहीं है।

❒ **बिनोद बिहानी**, फरीदाबाद



## युवाओं को समाज से जोड़ना जरूरी

युवा पीढ़ी समाज से दिन प्रतिदिन दूर होती जा रही है। अगर किसी भी परिवार के बंधु से बात करते हैं तो कहते हैं, युवा कहते हैं आप बड़े बुजुर्ग हैं आप सम्भालते हैं न उसमें हमारा क्या काम? इतना ही नहीं 25-28 साल तो वे पढ़ाई या कॅरियर में लगा देते हैं। अब एक या दो युवा ही होते हैं पहले चार भाई होते थे। एक माता-पिता की सेवा में, एक व्यापार में, एक समाज में इस तरह। अब एक ही होता है तो अपने दोस्तों या कॅरियर में उन्हें समय बहुत कम मिलता है। वह अपना समय परिवार में ही लगा देता है। इसके दो कारण है एक तो अपनी जनरेशन का कम होना या एक या दो होना। अखिल भारतीय माहेश्री सेवा सदन में पिछली बैठक हुई थी जिसमें हम दो हमारे दो को छोड़कर हमने यह कहा था कि तीसरा बच्चा चाहे लड़की हो या लड़का हो हम उसे 50,000/- प्रोत्साहन के रूप में देंगे जिससे कि अपने समाज की जनसंख्या कम न हो। एक से दूसरा भाई होगा तो एक व्यापार देखेगा एक समाज के लिए आगे आएगा। ऐसा हमारा व्यक्तिगत सोचना है। युवा आगे आएंगे तो आज की जो नई सोच है उस सोच से समाज आगे बढ़ेगा। उनकी पढ़ाई, कम्प्यूटर, इंटरनेट वर्ल्ड लेबल की जो नई टेक्निक आ रही है उस हिसाब से अगर समाज को आगे ले जाना है तो युवाओं को प्रोत्साहित करना ही पड़ेगा। नहीं तो समाज का भविष्य बिखरने या टूटने या कम जनसंख्या होने के कारण समाज तो विलुप्ति की ओर अग्रसर होगा ही।

❒ **भागीरथ भूतड़ा**, सूरत
प्रचार मंत्री अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन (पुष्कर)



## घटती जनसंख्या इसका कारण

आजकल जो समाज में उत्तरदायित्व का प्रश्न आ रहा है उसमें युवा पीढ़ी इस बात से पीछे भाग रही है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि आज तो प्रत्येक परिवार में बच्चों की संख्या कम हो रही है। एक परिवार में अगर एक ही बच्चा रहता है तो वह पारिवारिक जिम्मेदारी में उलझा रहता है। पहले मां बाप के दो या तीन बच्चे होते थे, उसके कारण हर आदमी का एकाध बच्चा समाज में रहता है। लेकिन अब हर परिवार में एक बच्चा ही ट्रेंड हो गया। तो वह बच्चा अपना समय अपने ही परिवार के लिए दे पा रहा है। तो समाज के लिए जो समय देना चाहिए वह नहीं दे पा रहा है। वह समाज की हर एक्टिविटी से कट जाता है,क्योंकि वह समय अपने परिवार में ही लगा देता है। समाज के हर परिवार में दो बच्चे जरूरी हो गए हैं। माहेश्वरी समाज में दिन पर दिन युवा पीढ़ी की संख्या घटती जा रही है। अगर हमने अभी भी इस पर ध्यान नहीं दिया तो आगे जाकर हमारी जनसंख्या कम हो जाएगी। मेरा सभी से अनुरोध है, हम इसका एक अभियान शुरू करें कि बच्चे दो हों ताकि आगे जाकर इस बात की कोई समस्या न हो।

❒ **सुरेश मूंधड़ा**, अहमदाबाद
अध्यक्ष गुजरात प्रांतीय माहेश्वर सभा



## युवा देश का भविष्य

किसी भी देश का भविष्य उसके युवा ही निश्चित करते हैं। उन पर ही निर्भर करता है कि वो समाज, देश की धरोहर, संस्कृति को कितना सम्मान देते हैं, उसकी सुरक्षा करते हैं और उसे आगे बढ़ाते है। किंतु वर्तमान भौतिक वादी युग में युवाओं में भौतिक सुख-सुविधाओं को अधिकाधिक पाने की ललक है, ना अपने समाज, न संस्कृति की। युवाओं की शक्ति और उनके जोश से सदैव किसी कार्य में आगे बढ़ने में बहुत सहायता होती है फिर चाहे वो आजादी की लड़ाई हो या, संस्कारों को जीवित रखने की। इसलिए बहुत अनिवार्य है कि युवा वर्ग समाज की बागडोर संभाले एवं उसे उचित दिशा में उन्नति की ओर लेकर जाए।

❒ **नेहा बिनानी 'शिल्पी'** मुंबई



## युवा ही समाज का भविष्य

आज के युवा कल के समाज के कर्णधार हैं। समाज संगठनों से उनका जुड़ाव न केवल अति आवश्यक है बल्कि संगठनों के विकास की जीवनी है। वहीं युवाओं की संगठनों से जुड़ाव में बेरुखी को समाज के भविष्य को गर्त में ढकेलने की एक कुत्सित कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। जाहिर है समाज की भविष्य की नाव के खेवनहार, नाविक हमारे युवा हैं। हम सहज ही समझ सकते हैं कि बीच मंझधार में नाविक की निष्क्रियता क्या गुल खिला सकती है? किसी भी समाज की प्रगति का नन्हा पौधा वटवृक्ष तभी बन पायेगा, जब आज का युवा समाज संगठनों से तन-मन-धन से जुड़ाव रखे। हमारे आज के समाज संगठनों के नेतृत्व नियंता कल जब नहीं होंगे तो उनकी विरासत/विचारधारा को जिंदा रखने व उसे उन्नति व गति देने की जिम्मेदारी हमारी आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर होंगी और समाज संगठनों से जुड़ाव ही वृहद स्तर पर हमारी आने वाली पीढ़ीयों के सुरक्षित व उन्नतिशील कल का आधार होगा।

❒ **सुरेन्द्र कुमार बजाज,** जयपुर



## बिल्कुल उचित है युवाओं का जुड़ना

आज के युवा कल का भविष्य हैं तो उनकी सामाजिक संगठनों में भागीदारी बिल्कुल उचित है। अगर वर्तमान जागृत होगा तभी तो भविष्य सुनहरा बनेगा। युवा पीढ़ी सामाजिक संगठनों से जुड़ना समय की बर्बादी समझती है जो कि उनके सर्वांगीण विकास में भी बाधक है। अगर समाज से, संगठनों से जुड़ेंगे नहीं तो अपनी विरासत को जानेंगे कैसे और अगर विरासत और संस्कृति से अनजान रहेंगे तो दूसरे लोगों के बहकावे में जल्दी आ कर विनाश के गर्त में चले जाएँगे। संगठनों से जुड़ने पर जीवन का कुशलतापूर्वक निर्वाहन सीख जाते हैं। पुरानी पीढ़ी का अनुभव और नई पीढ़ी का जोश और तकनीकी ज्ञान मिलकर एक सफल और विकासशील समाज का निर्माण कर सकते हैं। परिवार का कर्तव्य है कि बच्चों को शुरू से सामाजिक जीवन में सक्रिय करें तो आगे चलकर वे सामाजिक संगठनों से जुड़ने में रूचि रखेंगे।

❒ **विनीता काबरा,** जयपुर



## शत प्रतिशत उचित युवाओं का जुड़ना

युवा पीढ़ी यानि कि हमारे नौजवान हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है। हमारे समाज का भविष्य हमारी युवा पीढ़ी की सोच, व्यवहार व प्रदर्शन पर निर्भर करता है। युवा पीढ़ी में जोश, उमंग की कोई कमी नहीं होती है। वह हमेशा कामयाबी के शिखर तक पहुंचना चाहती है। अपने जुनून व काबिलियत, योग्यता से जिम्मेदारियों को वहन करके एक सुस्वरूप व सकारात्मक समाज की रचना कर सकते हैं। विकास की नींव रख सकते हैं। आज युवा पीढ़ी का सामाजिक संगठनों से जुड़ना 100% सही है। युवा सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाज को नई राह दिखाकर सुसंस्कृत सम्मान को स्थापित कर सकता है। युवा पीढ़ी, वृद्धावस्था व आने वाली पीढ़ी के बीच सेतु की कड़ी है। वह हमारे सामाजिक रीति रिवाज़ों, मूल्यों' संस्कृति, पहचान की संवाहक है। हमारा समाज एक सुदृढ़, सुसभ्य, सुसंस्कृत एवं श्रेष्ठ समाज के रूप में स्थापित है। अतः इसकी पहचान को बनाये रखने व आगे ले जाने के लिये युवा पीढ़ी को सामाजिक संगठनों से जुड़कर समय के साथ लय बनाकर अपना योगदान प्रदान कर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

❒ **सुहाग देवपूरा,** अहमदाबाद



## युवा हमारे समाज की आत्मा है

जो अपने कर्मों पर विश्वास रखते हैं वो ही समाज को नई पहचन दिलाते हैं। समाज के उत्थान के लिए सामाजिक संगठन से युवा पीढ़ी का जुड़ाव जरूरी है। जब समाज का नेतृत्व युवाओ के हाथों में होगा तो समाज में पारदर्शिता होगी। युवा का लगाव समाज से होगा। समाज को वही करना चाहिये जिससे समाज का फायदा हो और इसका लाभ निम्न स्तर पर जो समाज का व्यक्ति जीवन ज्ञापन करता हो उसे भी मिले। यदि युवा पीढ़ी संगठन से जुड़ेगी तो वह समाज के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी वृद्धा अवस्था में संगोपण बहुत बेहतर तरीके से करेंगी। युवा का जोश देख युवतियां भी संगठन से जुड़ेगी इससे ज्यादा फायदा समाज को ही होगा। युवक और युवतियां समाज और उसके रीति रिवाज से वाकीफ होंगे। युवा के प्रभावशाली नेतृत्व को देखकर युवतियाँ समाज में ही ब्याही जाएगी। माता-पिता अपनी बेटियों को भी संगठन से जुड़ने को प्रेरित करेंगे। सबसे बड़ा लवजिहाद का मामला खत्म हो जाएगा और समाज की जनसंख्या में भी वृद्धि होगी। संगठन में राजनीति हावी नहीं होगी। पद-प्रतिष्ठा के लिए एक दूसरे को नीचा भी नही दिखाएंगे। यदि युवा पीढ़ी संगठन से जुड़ी रही तो अपने पूर्वजों के व्यवसाय भी आगे चलते रहेंगे और बुजुर्गों का नाम पीढ़ी दर चलता रहेगा और बुजुर्ग अकेला नहीं होगा। उन्हें वृद्धाश्रम का सहारा नही लेना होगा। हमारे गुणों और शक्तियों को समाज का सहारा नही मिला तो वह निष्क्रिय, बेकार हैं। युवाओं द्वारा हमारा समाज, विकसित और शक्तिशाली बनता है। उसी अनुपात मे हमारा व्यक्तिगत जीवन भी विकसित होता चला जाएगा।

❒ **अनिता ईश्वरदयाल मंत्री,** अमरावती



## बड़ों को भी बदलना होगा

आज की पीढ़ी हमसे कहीं ज्यादा समझदार है। वो सामाजिक संगठनों से जुड़ कर अपनी महती भूमिका निभायेगी ही लेकिन पहले हम बड़ों को बदलना होगा। सिर्फ आज की युवा पीढ़ी को दोष देकर पल्ला नहीं झाड़ सकते। हम ही तो उन्हें जन्म लेने के बाद से ही सारी आधुनिक सुख सुविधाएं देते हैं, अपने संस्कार नहीं। अपने ग्रंथों को पढ़ने पर जोर न देकर डोनेशन देकर बड़े-बड़े अंग्रेजी स्कूलों में एडमिशन कराते हैं, ऐसा हर परिवारों में होता है। समय तेजी से बदल रहा है। सर्वप्रथम बदलाव शैक्षणिक पाठ्यक्रम में, अपनी आदतों में,घर के वातावरण में लाना है। हम बड़ों को सम्मान देंगे तो आज के युवा भी बड़ों का सम्मान करेंगे। मेरे विचार में आज के बच्चे सिखाने से नहीं आचरण से सीखते हैं। आज की युवा पीढ़ी सामाजिक संगठनों से जुड़ कर सामाजिक प्रगति में तभी सहायक बनेगी जब हम उन्हें अपने भारतीय ग्रंथों को पढ़ाएंगे, विवेकानंद स्वामी जैसे महान व्यक्तित्व से परिचय कराएंगे। केवल व्यक्तिगत विकास पर जोर न देकर सामाजिक प्रगति पर जोर देंगे तभी आज की युवा पीढ़ी आगे बढ़कर समाज के साथ-साथ देश का विकास करेगी।

❒ **साधना राठी,** गुवाहटी

॥ महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी समाज बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ ॥

Dinesh Chandak
94136-49310

WWW.SUNCITYEVENTS.IN
suncity ™
...Fireworks & Events...
Lights Sound Decor Discover
WE MASTER IN SPECIAL EFFECTS

Contact for : Grand Display of Colourful Fire Works
For Marriages, Parties, Films & Events

48, Stadium Shopping Center,
Behind Ansal Mall Girdhar Mandir Road
JODHPUR (Raj.) - 342001

Radheshyam Chandak
98290-47801

VSW

BIKE STUDIO
THE COMPLETE BIKE STORE

VANIA SPORTS WORLD
48, Stadium Shopping Centre,
Behind Ansal Mall
Girdhar Mandir Road,
JODHPUR (Raj.) - 342001

sportshopee@gmail.com

www.bikestudio.in

VIKAS CHANDAK
87699-88033


Laxmi Hari Warehouses, Khinwsar (Raj.)

कमल किशोर चाण्डक

ए-123, शास्त्रीनगर, जोधपुर मो. 9829028801

## खुश रहें - खुश रखें

## अगर हम खुद पर ही भरोसा नहीं करेंगे तो अच्छे अवसर भी हाथ से निकलते चले जाएंगे



पं. विजयशंकर मेहता

(जीवन प्रबन्धन गुरु)

**कहानी -** श्रीरामचरित मानस के सुंदरकांड में हनुमानजी, जामवंत और अंगद को संपाति ने बता दिया था कि सीता रावण की लंका में है। अब इनके सामने बड़ा सवाल ये था कि इतना बड़ा समुद्र पार करके सीता की खोज करने लंका कौन जाएगा?

सबसे पहले जामवंत ने कहा कि मैं अब बूढ़ा हो गया हूं इसलिए ये काम मेरे बस का नहीं है। इसके बाद अंगद बोला कि मैं समुद्र पार करके लंका तो जा सकता हूं, लेकिन वापस लौटकर आ सकूंगा या नहीं, इसमें मुझे संदेह है।

ये अंगद के कमजोर आत्मविश्वास का संकेत है। उसे अपनी शक्तियों पर, अपनी क्षमताओं पर भरोसा नहीं था, इसलिए उसने लंका जाने से मना कर दिया। जब कोई उपाय समझ नहीं आया, तब जामवंत ने हनुमानजी को इस काम के लिए प्रेरित किया।

जामवंत ने हनुमानजी से कहा- हे हनुमान, चुप क्यों बैठे हो? तुम तो पवनदेव के पुत्र हो, ताकत में पवनदेव के समान ही हो, बुद्धि, विवेक और विज्ञान के भी जानकार हो। इस संसार में ऐसा कौन सा काम है जो तुम नहीं कर सकते। रामकाज करने के लिए ही तुम्हारा जन्म हुआ है।

ये बातें सुनते ही हनुमानजी को अपनी शक्तियां याद आ गईं और वे उत्साह से भर गए। उन्होंने अपने शरीर का आकार पर्वत की तरह कर लिया। हनुमानजी समुद्र पार करके लंका पहुंचे और लंका में सीता की खोज की, उन्हें श्रीराम का संदेश दिया, लंका जलाई और लौटकर श्रीराम के पास वापस भी आ गए।

**सीख-** काम छोटा हो या बड़ा, आत्मविश्वास के बिना पूरा नहीं हो सकता है। हम खुद पर भरोसा रखेंगे तो असंभव दिखने वाले काम को भी आसानी से पूरा कर सकते हैं।


# जल देवता

वेद-पुराण-कुरान-बायबिल सहित सभी धर्मग्रन्थों ने भी कहा है- 'जल है तो कल है'। इन्हीं सन्दर्भों से सन्दर्भित **डॉ. विवेक चौरसिया** के जल पर केन्द्रित लेखों का संग्रह 'जल देवता'.



जिनमें आप पायेंगे न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारी है जल की महत्ता.

**Rs. 150/-** डाक खर्च सहित

# खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद

55 के बाद की जिन्दगी सपनों का अन्त नहीं बल्कि उन्हें साकार करने का स्वर्णिम समय है. बस इसके लिए जरूरी है खूबसूरती से जीना कैसे जीएँ... इसी के सूत्र बताती है



**डॉ. एच.एल. माहेश्वरी** की पुस्तक "खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद".

**Rs. 120/-** डाक खर्च सहित

**आपसे कहा जाता है -**

- संकट निवारण हेतु पानी में नारियल बहा दें।
- सांप दिखे तो काम टालें।
- नल को पानी टपकता न छोड़ें।

... और भी बहुत कुछ **तो फिर...**

# ऐसा क्यों?

aisa kyon

जिसमें छुपा है आपके हर क्यों का जवाब



प्रश्न उठना स्वाभाविक है - **"ऐसा क्यों?"** लेकिन इसका उत्तर देगा कौन? **इसका उत्तर देगी गहन अध्ययन से संजोई पुस्तक**

**Rs. 100/-** डाक खर्च सहित

**ऋषिमुनि प्रकाशन**

90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161





# व्रत के बिस्कुट



इस माह में देव शयनी एकादशी पर व्रत के बिस्किट का आनंद लीजिए।

**सामग्री:** राजगिरे का आटा 300 ग्राम, बेकिंग पाउडर आधा टीस्पून, नमक 1 टीस्पून, डेसिकेटेड कोकोनट 100 ग्राम, मक्खन 250 ग्राम, पिसी हुई चीनी 200 ग्राम कोकोनट एसेंस 1 टीस्पून वनीला एसेंस आधा टीस्पून।

**विधि:** राजगिरे का आटा, बेकिंग पाउडर और नमक मिलाकर तीन बार छान ले। उसमें डेसिकेटेड कोकोनट मिलाइए। दूसरे बाउल में मक्खन, चीनी और एसेंस मिलाकर मिश्रण को हल्का मुलायम होने तक फेट लीजिए। फिर उसमें राजगिरे का आटा और कोकोनट का मिश्रण डालकर हल्के हाथ से उसका गोल लोई बनाइए, राजगीर के आटे की सहायता से मोटी रोटी बेलकर कुकीज कटर से उसके बिस्किट काटकर बेकिंग ट्रे में रखें।

150 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान पर प्रीहीट कीये ओवन में 30 मिनट के लिए को कुकीज बेक कीजिए।




शेफ पूनम राठी, नागपुर
विविधा कुकिंग क्लासेस
9970057423

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## ज़िंदगी आपरे ख्याल री गुलाम है।

खम्मा घणी सा हुकुम आज आपाँ बात कर रियाँ हाँ... मनुष्य मन री सोच जेड़ी हुवे उन्हें यों संसार वेड़ों ही दिखाई देवे। यदि सोच रो दायरों बड़ो हुवेला यानी सोच अच्छी, भली अथवा सुन्दर हुवेला तो उन्हें सारों संसार भलों और सुन्दर नजर आवेला अन्यथा मन रे भावों रे विपरीत हुवण सूं सारों संसार बदसूरत दिखाई देवें। मनुष्य ने उण बदसूरती में अच्छाई कम और बुराई अधिक दिखे।

मनुष्य रे मन में जण खुशी या उल्लास हुवें जणें वो हर व्यक्ति रे साथे खुशी बाँटे। उण समय विने सारी कायनात अपणी तरह प्रसन्न दिखे उन्हें लागे कि... सारी प्रकृति साथ दे रही है, हँस री है, नाच-गा री है चारों ओर अपणी खुशबू बिखेर री है।

हुकुम अगर मनुष्य रे मन में प्यार रा भाव आ जावें तो विने सब आपरा हितेषी लागे यां भी लागे यों संसार मानो प्यार रो सागर है जिणमें नहाने सगळा सराबोर हो रियाँ हैं।

हुकुम जणे मनुष्य दुखों और परेशानियों सूं घिरयोड़ों हुवे तो विने लागे कि सब जणा दुश्मन हूग्या है। ईश्वर भी साथ नहीं दे रियाँ सारी प्रकृति भी पतझड़ ज्यों लागे.. एड़ो लागे सब कुछ उदासीन ही है। क्रोधित भाव सूं भरने वह दुनिया ने आग लगा देवणों चाह्वे।

हुकुम जीवन में मन रो बहुत बड़ों रोल हुवें। सरल व सहज स्वभाव मिनखा ने सगळा ही सरल और सीधा लागें। यानि की सज्जनों ने सब सज्जन लागें और मूर्खों ने सब मूर्ख। पागल पूरी दुनिया ने ही पागल समझे। वीरों रे लिए सब वीर हुवें और कायरों रे लिए सब कायर हुकुम। चोर ने सगळा चोर दिखे। हेराफेरी व चालबाजी करण वाळो ने सब चालबाज ही दिखाई देवे। भ्रष्टाचारी, चोरबाजारी करण वाले ने सब भ्रष्ट ही लागें।

रैदास जी कहियो - मन चंगा तो कठौती में गंगा।

यानि यदि मन शुद्ध पवित्र हुवें तो उने पास जो कठौती है, उसमें राखियोंड़ों पाणी गंगाजल हूँ जावे।

तुलसीदास जी भी मन रे इन्हीं भावों रे विषय में कहियों थो- जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।

यानि जैड़ी मनुष्य री भावना हुवें ईश्वर उन्ही रूप में दिखाई देवें।

तुलसीदास जी के कथन रे अनुसार यदि आँपा विश्लेषण करां तो मनुष्य रे मन रे भावों रे अनुसार ही उन्हें संसार और संसार रा लोग दिखाई देवें।

सार रूप में यां बात कह सका कि आपाणे अन्तस् रे भावों रो प्रभाव दूसरे रे ऊपर बहुत पडे और उन्ही रे अनुसार ही वो व्यवहार करे। आ दुनिया आप रे सोच रो आईनों है हुकुम..

एक शायर कई खूब कैयो है.. मैं खुश था तो खुश रही ग़मगीन तो गमजदा। ज़िंदगी मेरे ख्याल का,पैकर बनी रही।।

पैकर गुलाम ने कैवे हुकुम यानि यों जीवन आपरे विचारों रो गुलाम है हुकम। ए विचार ही आपाणे सुख-दुःख ने रचे और आपाणे स्वर्ग-नरक ने। गलत विचार गलत काम सूं भी दुगुनों बुरो हुवें। इण वास्ते ही संत कह ग्या है कि अच्छो सोचो क्योंकि सही सोच सुखों री जड़ है।

बोया बिज़ बबूल रा आम कठेसूं लावोला.. जेड़ा करोला व्यवहार वेड़ो ही फल पावोला।



# मुलाहिज़ा फ़रमाइये



ज्योत्सना कोठारी
मेरठ

- आँखों से दूर, तो दिल से उतर जाते हैं लोग
  रिश्तों का क्या, वक़्त पर बदल जाते हैं लोग
- पहले तो हंस के तमाशा बनाते हैं रिश्तों को
  फिर, साहिल पर खड़े हो डुबा जाते हैं लोग
- वक्त के हाथों चुपचाप मसले हुए हैं हम तो
  फिर भी नाहक ही ज़ुल्मी हुए जाते हैं लोग
- आंसा नहीं है, इस दौर में रहनुमा को खोजना
  किसी और की उंगुलियों से नचा जाते हैं लोग
- उम्र भर, बुझे रिश्तों को हवा देते दिखाई दिये
  शोले भड़कते ही, हाथ सेंकनें लग जाते है लोग
- कभी आँखें किताब में गुम हैं,
  कभी गुम हैं किताब आँखों में..।

# कार्टून कौतुक



राशिफल

# संकेत सितारों के




पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326


## मेष

यह महीना आपके लिए शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्रदान करने वाला होगा। व्यापार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। भाइयों से सहायता प्राप्त होगी। जीवन में नया परिवर्तन आएगा। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अधिकारी सहायक होंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परोपकार की भावना बनी रहेगी। भागदौड़ के अनुरूप लाभ होगा। भौतिक सुख सुविधा बढ़ेगी। खर्च की अधिकता बनी रहेगी। पेट से संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



## वृषभ

यह महीना आपके रुके कार्य में प्रकृति प्रदान करने वाला होगा। लंबी यात्रा के योग रहेंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यवसाय में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। धार्मिक यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। अपने बलबूते पर प्रगति करते हुए जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता अर्जित होगी। दोस्तों को सहायता करना होगी। आर्थिक संपन्नता में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव बना रहेगा। शीत प्रकोप से संबंधित कष्ट के योग रहेंगे। देव विशेष की आराधना का आनंद लेंगे। कर्ज के माध्यम से संपत्ति में वृद्धि होगी।



## मिथुन

इस माह में आपको संपत्ति से संबंधित प्रकरण में सफलता मिलेगी। यात्रा पर खर्च होगा। संतान से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक संपन्नता में वृद्धि होगी। व्यापार व्यवसाय में उन्नति होगी। नवीन रोजगार के योग बनते हैं। पद प्रतिष्ठा प्रमोशन के योग रहेंगे। तेजी-मंदी से संबंधित कार्यों में भी धन प्राप्ति के योग प्रबल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। एक के बाद एक समस्या आपके सामने खड़ी रहेगी। कर्ज के माध्यम से रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को परिश्रम का श्रेष्ठ लाभ प्राप्त होगा।



## कर्क

यह महीना आपके लिए शुभ फलदाई रहेगा। भौतिक सुख सुविधाओं पर अधिक खर्च करेंगे। गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा। लंबी यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। अड़ियल स्वभाव कष्टकारी बन सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। राजनेताओं के संपर्क का लाभ मिलेगा। हड्डी, दात एवं पाव से कष्ट के योग प्रबल रहेंगे। भाई का स्नेह एवं सहयोग प्राप्त होगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। विवाह संबंध का निर्धारण होने के योग प्रबल रहेंगे। संगीत कला के प्रति अधिक रूचि रहेगी।



## सिंह

यह माह आपके लिए सुखद रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। शौक, मौज-मस्ती एवं घूमने-फिरने का आनंद उठाएंगे। विवाह समारोह में भाग लेंगे। खर्च की अधिकता रहेगी। विरोधी परास्त होंगे। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। धार्मिक यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। राजनीतिक संपर्क का लाभ मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। नवीन कार्य, व्यवसाय मिलने के योग प्रबल रहेंगे एवं पुराने कार्य व्यवसाय में वृद्धि के योग रहेंगे। प्रेम प्रसंग बढ़ेंगे।



## कन्या

यह माह आपको संपत्ति की दृष्टि से श्रेष्ठ रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। नवीन नौकरी के योग प्रबल रहेंगे। नौकरी एवं कार्य व्यवसाय में प्रगति/पदोन्नति के योग प्रबल रहेंगे। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाएंगे। धार्मिक यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। समय पर सभी कार्य पूर्ण होंगे। गूढ़ रहस्य मयज्ञान में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। लंबी यात्रा करना होगी। मानसिक तनाव भी रहेगा। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। विवाह संबंध होने के योग प्रबल रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने परिश्रम का उचित लाभ प्राप्त होगा। मित्रों का स्नेह एवं सहयोग प्राप्त होगा।



## तुला

यह माह आपके लिए लेखन प्रकाशन के क्षेत्र में श्रेष्ठ फलदाई रहेगा। संतान से संबंधित कार्यों में रुकावट के पश्चात सफलता अर्जित होगी। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। राजनीतिक संपर्क का लाभ मिलेगा। ऋण के माध्यम से संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। नवीन व्यवसाय प्रारंभ करेंगे। बेरोजगार एवं युवाओं को श्रेष्ठ नौकरी मिलने के योग रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। मित्रों का स्नेह एवं सहयोग प्राप्त होगा। विवाह संबंध होने के योग प्रबल रहेंगे। विशिष्ट व्यक्तियों से भेंट होगी किंतु निद्रा का अभाव महसूस करेंगे।



## वृश्चिक

यह माह आपके लिए भाग्योदय कारक रहेगा। लोकप्रियता का क्षेत्र व्यापक होगा। सामान्य से अधिक खर्च करना पड़ेगा। सुस्वाद नमकीन व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे। वाहन सुख में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। मित्रों से वैचारिक मतांतर रहेंगे। पाचन तंत्र, पेट, गैस की तकलीफ का सामना करना पड़ेगा। लंबी यात्रा होगी। पत्नी से नोकझोंक होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। संपत्ति से संबंधित प्रकरणों में सफलता मिलेगी। किंतु साझेदारी में काम करना या अंधाविश्वास करना हानिकारक सिद्ध होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम से संतोष कम होगा।



## धनु

यह माह आपके लिए चुनौती भरा रहेगा। कठिन से कठिन कार्यों को युक्तियुक्त तरीके से करने में आप सफलता प्राप्त करेंगे। आय में उतार-चढ़ाव रहेगा। सर्दी जुकाम एवं शीत प्रकोप से संबंधित कष्ट का सामना करना पड़ेगा। जलाशय पर भी नहाने या उतरते समय सावधानी बरतना परम आवश्यक रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यों में मन नहीं लगेगा। विरोधी परास्त होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रेम-प्रसंग बढ़ेंगे। कर्ज के माध्यम से संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। भाग्य परिश्रम करने पर ही साथ देगा।



## मकर

यहां माह आपको संपत्ति की दृष्टि से श्रेष्ठ रहेगा। संपत्ति के निर्माण के योग प्रबल रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा किंतु वाणी की वजह से बनते हुए काम रुक जाएंगे। वाहन सुख, मकान सुख में वृद्धि के योग रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। प्रेम-प्रसंग में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। संबंध होने के योग रहेंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। साहसिक कार्य करेंगे। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। सामाजिक संगठनों से लाभ मिलने के योग प्रबल रहेंगे। राजकीय पक्ष में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे। रुके हुए पुराने सभी कार्य होंगे एवं विरोधी परास्त होंगे। न्यायालय प्रकरणों में विजय श्री मिलेगी।



## कुम्भ

यह माह आपके लिए इच्छित कार्य में सफलता प्रदान करने वाला होगा। रुके हुए कार्य पूर्ण हो गए। मन प्रफुल्लित रहेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। चुनौती भरे कार्यों में सफलता मिलेगी। भाई परिवारजनों का भी स्नेह प्राप्त होगा। बड़ी नौकरी के योग प्रबल रहेंगे। प्रबंध मैनेजमेंट में आपको महारत हासिल होगी। गुप्त शत्रु तो रहेंगे परंतु वह कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगे। लंबी यात्रा के योग रहेंगे। भाग्योदय होगा, दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। प्रेम प्रसंग में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। परिश्रम का श्रेष्ठ लाभ प्राप्त होगा। विशिष्ट व्यक्ति से भेंट होगी।



## मीन

यह माह आपको संपत्ति की दृष्टि से श्रेष्ठ फल प्रदान करने वाला होगा। खर्च पर पूर्ण नियंत्रण रहेगा। धार्मिक यात्रा की योग प्रबल रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ सफलता मिलेगी। चुनौती भरे कार्य में मनचाही सफलता मिलने की योग प्रबल रहेंगे किंतु सर्दी जुकाम से संबंधित कष्ट के योग प्रबल रहेंगे। इच्छित कार्य में सफलता मिलेगी। विवाह संबंध होने के योग प्रबल रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजन का लुफ्त उठाएंगे। लंबी यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। वाणी पर पूर्ण नियंत्रण रखना आवश्यक रहेगा एवं अनावश्यक ऋण लेने से बचें। अचानक लाभ हानि देने वाले व्यवसाय से लाभ मिलेगा।



With Best Compliments From

Since 1979

।। श्री नाथ जी ।।


स्व. बबली देवी देवपुरा

SUHAG DEVPURA

97128 57437

SHREENATHJIWALE

# SHRI SHYAM ALANKAR PVT LTD.

## Kamakhya Chunri

Wholesaler of : Mukut-Shrinagar, Chunri, Rudraksh-Mala etc.







Shop No.3, Vrajswami Complex, Doshiwada ni Pole, Kalupur, **Ahmedabad** (Gujrat) 380001
E-mail : shrishyamalankar2010@gmal.com

**TREAT**
RESORTS

## Embrace the luxe experience for *Destination Weddings!*



### Treat Resort, Silvassa

- 24 Acres of Nature's Echo
- 191 Luxury Rooms
- Infinity Swimming Pool
- 6 Lawns
- 2 Ballrooms
- 3 Restaurants
- Wellness Spa
- 4 Conference Halls

### Treat Beach Resort & Spa, Gholvad

- 4 Acres of Tranquility
- 93 Luxury Rooms
- Swimming Pool
- 1 Lawn
- Recreational Activities
- 2 Restaurants
- Wellness Spa
- 3 Conference Halls
- 500m From Bordi Beach





### RAS by Treat Resorts, Silvassa

- 7 Acres of Lush Greenery
- 86 Luxury Rooms
- Swimming Pool
- 3 Restaurants
- 2 Ballrooms
- 3 Lawns
- Riverfront Scenery
- 3 Conference Halls
- Game Zone

Silvassa: +91 9615791579 | Gholvad: +91 9615971597 | RAS: +91 9873776477 | www.treatresorts.com




## Aditya Birla Group: Making a life changing difference

We work in 7,000 villages. Reach out to 9 million people. A glimpse:

### HEALTHCARE

Over 100 million Polio vaccinations

5,000 Medical camps / 22 Hospitals: 1 million patients treated

Over 75 deaf and mute children moved from the world of silence to the sound of music through the cochlear implant.

Reach out to over 4,000 children. Extending financial support for the chemotherapy sessions. Encouraging them in a holistic manner to get back quickly on the road to recovery.

Engaged in prevention of cervical cancer through the administration of the HR-HPV vaccine in Maharashtra. Over 4,000 girls have been vaccinated.

More than 6,600 persons had their vision restored through the Vision Foundation of India

100,000 persons tested on 32 health parameters through HealthCubed

### EDUCATION

Our 56 schools accord quality education to 46,500 students

Mid-day meals provided to 74,000 children

Solar lamps given to 4.5 lakh children in the hinterland

Foster the cause of the girl child through 40 Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

### SUSTAINABLE LIVELIHOODS

100,000 people trained in skill sets

45,000 women empowered through 4,500 SHGs

200,000 farmers on board our agro-based training projects

And much more is being done through the Aditya Birla Centre for Community Initiatives and Rural Development, spearheaded by Mrs. Rajashree Birla. Because we care.

**NUMBERS MEAN A LOT**
**BUT A SMILE MEANS EVERYTHING!**

ADITYA BIRLA GROUP
Engage. Uplift. Empower






RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2023-2025
**Despatch Date - 02 June, 2023**

If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

**https://www.facebook.com/smtmagazine/**
https://srimaheshwaritimes.com